# चार दिनों तक हीट वेव का खतरा, येलो अलर्ट जारी



■ दिन के साथ रात में भी सतायेगी गर्मी

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**
**धनबाद।** जिले में बुधवार को 41 अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। कड़ी धूप ने लोगों को परेशान किया। अब मौसम विभाग के विशेषज्ञ के अनुसार लगातार तीन दिनों तक धनबाद में हीट वेव का खतरा बना रहेगा। 25 से 27 अप्रैल तक हीट वेव चल सकता है। इस दौरान मौसम विभाग ने लोगों को लू से बचने और अलर्ट रहने की सलाह दी है। तीन दिनों तक तापमान में भी बढोतरी रहेगी। विभाग की मानें तो 25 से 28 अप्रैल तक धनबाद के साथ बोकारो, पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, जामतारा, दुमका, पाकुर, गोड्डा और साहिबगंज हीटवेव की चपेट में रहेगा।

## साफ आसमान के साथ मौसम रहेगा शुष्क

जिले में अब तक अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। यही हाल आने वाले पांच दिनों तक रह सकता है। विभागीय रिपोर्ट के अनुसार 25 अप्रैल को अधिकतम तापमान 42 डिग्री, 26 अप्रैल को अधिकतम तापमान 43 डिग्री, 27 और 28 अप्रैल को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस रहेगा। वहीं बात करें तो न्यूनतम तापमान 25 से बढकर 27 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। मतलब आगामी चार दिनों तक दिन के साथ रातें भी सतायेगी। आसमान बिल्कुल साफ रहेगा और मौसम शुष्क रहेगा।

## बिजली विभाग ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

**धनबाद।** बिजली विभाग ने धनबाद डिविजन के उपभोक्ता के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। वैसे उपभोक्ता के लिए बिजली विभाग ने धनबाद डिविजन में हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। जिस उपभोक्ता को बिजली का बिल 6 महीना या उससे अधिक दिन से नहीं आ रहा है। जिसके कारण परेशानी नहीं बढ़े रुपए जमा करने में इसलिए धनबाद डिविजन के लिए अभी **हेल्पलाइन नंबर 89866 88377** यह जारी किया गया है। बिजली विभाग के धनबाद डिविजन के कार्यपालक अभियंता शिवेंद्र कुमार ने कहा की जिस उपभोक्ता के अधिक बिजली बिल है। वह बिजली विभाग के कार्यालय आकर संपर्क करें। और बिजली बिल का समाधान किया जाए। बिजली विभाग के सर्किल एसी ने एस के कश्यप ने कहे कि जल्द से जल्द सभी डिविजन के हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाएगा। जिससे उपभोक्ताओं को समस्या का सामना नहीं करना होगा।

# रंगदारी मामले में ढुलू नहीं हुए हाजिर

■ 14 जून 2018 को विधायक ने परिसदन बुलाकर मुकेश चंदानी को दिया था धमकी

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**
**धनबाद।** ओरिएंटल स्ट्रक्चरल इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर मुकेश चंदानी को धनबाद परिसदन बुलाकर धमकी देने व रंगदारी मांगने के मामले की सुनवाई बुधवार को एमपी, एमएलए न्यायालय के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अनुष्का जैन की अदालत में हुई। सुनवाई के दौरान अभियोजन ने जमशेद आलम को बतौर गवाह अदालत में पेश किया जमशेद ने अपने बयान में बताया कि उसे घटनाकी कोई जानकारी नहीं है। सुनवाई के दौरान भाजपा विधायक ढुलू महतो हाजिर नहीं थे। अधिवक्ता एस एन मुखर्जी ने उनकी ओर से प्रतिनिधित्व का आवेदन दिया था। ओरिएंटल स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड के असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट एसएस शेट्टी ने घटना को लेकर धनबाद थाने में शिकायत की थी। शिकायत पत्र के अनुसार 14 जून 2018 को विधायक ढुलू महतो ने दिन के करीब 11 बजे उनके साइट मैनेजर मुकेश चंदानी को धनबाद परिसदन में बुलाया और कहा कि उनके खिलाफ मुख्यमंत्री तक शिकायत की गई है। इस दौरान गलत भाषा का प्रयोग करते हुए बेइज्जत किया गया और शारीरिक रूप से क्षति पहुंचाने की धमकी दी गई। यहां तक की मैनेजर को दुष्कर्म और एससी-एसटी के झूठे केस में फंसा देने की बात कही गई। साथ ही कहा गया कि विधायक के खिलाफ बोला तो बाहर फेंकवा दिया जाएगा। विधायक ने यह भी कहा कि कंपनी को क्षति पहुंचाने का बहुत तरीका उनके पास है। मशीन जब्त कर ली जाएगी। यहां से कंपनी कोई भी सामान वापस नहीं ले जा सकेगी। विधायक की अनुमति के बगैर कंपनी काम नहीं कर पाएगी। चाहे मुख्यमंत्री से शिकायत करें या प्रधानमंत्री से कोई फायदा नहीं होगा।

# गोविंदपुर-बलियापुर मार्ग पर हाइवा की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**
**बलियापुर।** गोविंदपुर-बलियापुर मार्ग पर जगदीश के पास बुधवार को हाइवा की टक्कर से बाइक सवार युवक असजद (24 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक सवार घायल युवक गोमो गुलघट्टा निवासी शहाबुद्दीन का पुत्र हैं। खबर पाकर आसपास के लोग पहुंचे और घटना की खबर पुलिस को दी। खबर पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल युवक को इलाज के लिए धनबाद शहीद निर्मल महतो मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान कुछ देर बाद डॉक्टर ने घायल युवक को मृत घोषित कर दिया। लोगों का कहना है कि बाइक सवार युवक कुछ काम से बलियापुर आया था। वह बलियापुर से गोविंदपुर के रास्ते गोमो जा रहा था। जगदीश के पास विपरीत दिशा से आ रहे हाइवा (जेएच 04 के 7697) ने बाइक सवार युवक को धक्का मार दिया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद हाइवा का चालक वाहन छोड़ भाग निकला। मृतक अपने दो भाई एवं दो बहनों में सबसे छोटा व अविवाहित था। बलियापुर पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले हाइवा एवं बाइक को जब्त कर लिया है।

### बरवाअड्डा : युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बरवाअड्डा। बरवाअड्डा थाना अंतर्गत बिराजपुर पंचायत के डुमरियाटांड़ गांव निवासी महेंद्र दास की 19 वर्षीया पुत्री मुस्कान कुमारी ने बुधवार की सुबह अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार घटना के बाद परिजन मुस्कान को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद ले गये जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### भेलाटांड़ : युवक ने फांसी लगाकर खत्म की अपनी जीवन लीला

लोयाबाद। जोगता थाना क्षेत्र के भेलाटांड़ वीआईपी कॉलोनी निवासी 27 वर्षीय दीपक आर्या ने अपने घर में एंगल के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बुधवार की प्रातः घरवालों को घटना की जानकारी होने पर तुरंत स्थानीय थाना को सूचना दी। जोगता पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर जांच पड़ताल करते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए धनबाद एसएनएमसीएच भेज दिया।

# एसडीएम की कार्रवाई के बाद ईस्ट बसुरिया ओपी में जमा किये गये 17 वाहन

■ 24 वाहनों के कागजातों में पाई गयी थी कमी

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**
**लोयाबाद।** मंगलवार को एसडीएम ने निचितपुर परियोजना में छापामारी कर 24 वाहनों के कागजातों में कमी पाने के बाद एक गाड़ी जब्त किया और शेष गाड़ियों को जमा करने को कहा था। उनके आदेश के आलोक में बुधवार को 17 गाड़ी ईस्ट बसुरिया ओपी में जमा कराया गया। बाकी गाड़ियों को जिम्मेनामा पर दे दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसडीएम उदय रजक, पुटकी सीओ अभिषेक आनंद, डीटीओ व जिला टास्क फोर्स की टीम ने निचितपुर कोलियरी में संचालित डेको आउटसोर्सिंग कंपनी में छापामारी कर 24 वाहनों को जब्त किया। अधिकारियों ने परियोजना में संचालित सभी वाहनों के कागजात, प्रदूषण, परियोजना क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिको की स्थिति, नियोजन मापदंड सहित कई तरह की जांच की। जांच में निचितपुर कोलियरी में चलने वाले बीसीसीएल के 6, डेको आउटसोर्सिंग के 1, लोकल सेल 9 व बांसजोड़ा में संचालित संजय उद्योग के 8 वाहनों में कागजात में कमी पाई। कागजात पूरा न होने के कारण सभी 24 वाहनों पर कार्रवाई कर ईस्ट बसुरिया ओपी को सुपुर्द करने का आदेश दिया। एसडीएम उदय रजक ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर टास्क फोर्स की टीम निचितपुर में डेको आउटसोर्सिंग में जांच के लिए गई थी। कई स्तर पर जांच की जा रही है। 24 बड़े वाहनों के कागजात को जांच के लिए जब्त किया गया है। पूरी रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपी जाएगी।

# नीरज हत्याकांड : पंकज सिंह समेत अन्य की हुई पेशी

## स्वास्थ्य खराब होने के कारण संजीव सिंह की नहीं हुई पेशी



**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**
**धनबाद।** पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह सहित चार लोगों की हत्या के आरोप में जेल मे बंद झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह को स्वास्थ्य खराब रहने के कारण पेश नहीं किया जा सका वहीं, धनजी सिंह,डब्लू मिश्रा,संजय सिंह, पींटू सिंह, शूटर शिबू उर्फ सागर, सोनू उर्फ कुर्बान, सतीश उर्फ रोहित उर्फ चंदन एवं मास्टरमाइंड पंकज सिंह को जिला एवं सत्र न्यायाधिश अखलेश कुमार की अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया। 21 मार्च 2017 के संध्या 7 बजे नीरज सिंह अपने फॉच्यूनर कार जेएच10एआर 4500 से सरायढ़ेला स्थित अपने आवास रघुकुल लौट रहे थे। वह ड्राईवर के साथ आगे सीट पर बैठे थे। पीछे के सीट पर उनका सहायक सरायढ़ेला न्यू कॉलोनी निवासी अशोक यादव और दो निजी अंगरक्षक मुन्ना तिवारी बैठे थे। स्टील गेट के पास बने स्पीड ब्रेकर पर नीरज की गाड़ी की रफ्तार कम होते ही दो बाईक पर सवार कम से कम 4 हमलावरों ने उनकी कार पर गोलियों की बरसात कर हत्या कर दी थी।

### चंदन ने निचली अदालत के आदेश को चुनौती देने की बात कही

**धनबाद।** नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या के मामले में जेल में बंद चंदन सिंह की ओर से बुधवार को अदालत में आवेदन देकर निचली अदालत के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती देने की बात कही गई। चंदन सिंह की ओर से दाखिल आवेदन को 16 मार्च को निचली अदालत द्वारा खारिज कर दिया गया था। 29 फरवरी को सतीश उर्फ चंदन सिंह की ओर से आवेदन देकर कहा गया था कि राम आह्लाद राय के घर से पुलिस ने कुछ प्लेट, बल्ब एवं बर्तन बरामद किए थे और उसका फिंगरप्रिंट लिया गया था। उसे फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को गवाही के लिए अदालत में बुलाने की प्रार्थना की गई थी।

# चैंबर के पदाधिकारियों ने मतदान के प्रति किया जागरूक




**धनबाद।** बैंक मोड़ क्षेत्र में बैंक मोड़ चैंबर के द्वारा बुधवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में व्यवसायियों को मतदान करने और अपने सभी कर्मचारियों को भी मतदान करवाने की शपथ दिलाई गई। उक्त मौके पर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। चैंबर महासचिव लोकेश अग्रवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम पूरी तरह से गैर राजनीतिक था और इसका मुख्य मकसद था कि लोग लोकसभा चुनाव में मत देकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करें। व्यवसायियों को दूसरों को भी प्रोत्साहित करने का आग्रह किया गया। जिससे अधिक से अधिक मतदान हो। मौके पर बैंक मोड़ चैंबर के कोषाध्यक्ष संदीप मुखर्जी, विकास पटवारी, संजय अग्रवाल, दीपेश पटेल, आलोक रुंगटा, विशाल कृष्णाणी, सन्नी अनेजा, विशाल, राजु के साथ अन्य उपस्थित थे।

## विश्व मलेरिया दिवस को लेकर सीएस ने बताए मच्छरों से बचाव के उपाय

# मच्छरों में प्रजनन न हो इसके लिए जल जमाव रोकें



**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**
**धनबाद।** 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। जन जागरूकता व जन सहयोग से मलेरिया की रोकथाम संभव है। मलेरिया की रोकथाम एवं उसके बचाव के लिए अपने आसपास पानी को जमा न होने दें। जमे हुए पानी में कीटनाशक, जला हुआ मोबिल, केरोसिन तेल डालें। जिससे मच्छर प्रजनन न कर सके। पानी की टंकी को ढ़क कर रखें। फ्रिज, कूलर, फूलदानी व अन्य बर्तनों का पानी सप्ताह में एक दिन अवश्य सुखा लें। घरों के अंदर कीटनाशक का छिड़काव करें एवं मच्छरदानी का प्रयोग करें। उक्त जानकारी प्रेस वार्ता के दौरान सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानू प्रतापन ने दी। मौके पर जिला वीबीडी पदाधिकारी डॉ. सुनिल कुमार, जिला मलेरिया सलाहकार रमेश कुमार सिंह, मलेरिया इंस्पेक्टर उत्तम कुमार सिन्हा और डॉ राजीव कुमार भी मौजूद थे।

### कोइ भी बुखार हो सकता है मलेरिया

उन्होंने कहा कि कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है। छोटे बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं में इस रोग के प्रति प्रतिकार क्षमता अत्यंत कम होती है। इसके कारण माता मृत्यु, मृत शिशुओं का जन्म, नवजात शिशुओं का वजन अत्यधिक कम होना एक प्रमुख समस्या है। इसे रोकने के लिए गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व मलेरिया की जांच अनिवार्य की गई है।

### ये हैं लक्षण

ठंड के साथ बुखार आना, उल्टी होना या उल्टी जैसा लगना, शरीर में ऐठन एवं दर्द, सिर दर्द, चक्कर आना तथा थोड़ी देर में पसीने के साथ बुखार आना मलेरिया के लक्षण हो सकते हैं। ऐसा होने पर तुरंत चिकित्सीय परामर्श लेना जरुरी है।गम्भीर मलेरिया के रोगियों की जांच एवं पूर्ण उपचार की सुविधा सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सदर अस्पताल एवं एसएनएमएमसीएच में उपलब्ध है।

### आज निकलेगी जागरुकता रैली

विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर गुरुवार को सुबह 9:30 बजे सदर सीएचसी से सिविल सर्जन कार्यालय तक जन जागरूकता रैली निकाली जाएगी। इसमें सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वाहन कर मलेरिया को नियंत्रित व रोकने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा।

# एक व्यक्ति में मिला कोविड के लक्षण

**धनबाद।** मंगलवार की देर रात एक शख्स कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। जिसे चिकित्सकों की देखरेख में केंद्रीय अस्पताल स्थित कोविड वार्ड में भर्ती किया गया है। इस संबंध में जिले के सिविल सर्जन डॉ सी.बी. प्रतापन ने बताया कि पश्चिम बंगाल से एक बीसीसीएल कर्मी धनबाद आय, जिसमें कोरोना के लक्षण पाए गए हैं। उसे इलाज के लिए केंद्रीय अस्पताल स्थित कोविड वार्ड में भर्ती कराया गया है। मरीज के ट्रेवल हिस्ट्री खंगाली जा रही है। जिले के स्वास्थ्य विभाग की एक टीम बीसीसीएल के साथ मिलकर इस कार्य में लगी हुई है।

**संपर्क में आए लोगों की होगी खोज :** संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में पिछले दिनों आए व्यक्तियों की पड़ताल कर सभी की जांच कराई जाएगी। जिले में कोरोना संक्रमित एक शख्स का मिलना लोगों के लिए चिंता का सबब बन सकता है। संक्रमित व्यक्ति की पूरी हिस्ट्री पता कर उचित जांच और संपर्क में आए व्यक्तियों की निगरानी और इलाज कराने की तैयारी चल रही है। जिससे संक्रमण को फैलने से रोका जा सके।

# एमबीबीएस परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि जारी

**धनबाद।** बीबीएमकेयू ने 1प्रोफेशनल एमबीबीएस (सप्लीमेंट्री), 2 प्रोफेशनल एमबीबीएस और 3 प्रोफेशनल एमबीबीएस पार्ट-2 की परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि जारी किया है। यह परीक्षा फॉर्म भरने का प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगा। परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बिना फाइन के साथ 24 अप्रैल से लेकर 28 अप्रैल तक है। जबकि 500 रुपए फाइन के साथ 29 अप्रैल और 30 अप्रैल को है।1प्रोफेशनल एमबीबीएस (सप्लीमेंट्री), 2 प्रोफेशनल एमबीबीएस का फॉर्म भरने में 5050 रुपए लगेंगे और वही 3 प्रोफेशनल एमबीबीएस पार्ट-2 की परीक्षा फॉर्म भरने में 6300 रुपए लगेंगे।

# बीआईटी के छात्रों ने दिव्यांगों के लिए बनाई इलेक्ट्रिक साइकिल

■ 24 वोल्ट की बैटरी से चलती है 30 किमी



साइकिल दिखाते छात्र और शिक्षक

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**
**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के अंतिम वर्ष के चार छात्र रितेश कुमार, प्रियांशु मालवीय, तेज प्रकाश सिंह और तनवीर अंसारी ने कमाल कर दिया है जिसकी चर्चा पूरे कॉलेज में हो रही है। इन छात्रों ने परिश्रम और लगन से दिव्यांगों के लिए एक ऐसी इलेक्ट्रिक साइकिल का निर्माण किया है जो पूरी नवीकरणीय ऊर्जा पर आधारित है। इस साइकिल को बनाने में प्राध्यापक आदित्य कुमार ने गाइड के रुप में बच्चों की कदम-कदम पर सहायता की। साथ ही एक तृतीय वर्ष के छात्र शिवानंद मोदी ने भी इस प्रोजेक्ट को बनाने में बहुत योगदान दिया। छात्रों ने बताया कि एचओडी डॉ एमजी तीवारी और कोऑर्डिनेटर डॉ प्रवीण कुमार साहू के सहयोग के बिना प्रोजेक्ट को पूरा करना असंभव था। बच्चो ने इस साइकिल की विशेषताओं के बारे में बताते हुए यह दवा किया कि यह साइकिल 25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती है। इस साइकिल में 250 वाट की मोटर लगी है जो की साइकिल को चलने में मदद करती है तथा 24 वोल्ट की बैटरी लगी है जो एक बार पूरी चार्ज करने पर 30 किलोमीटर तक चलती है, इस बैटरी को चार्ज करने के लिए सोलर तथा डाइनेमो का इस्तेमाल किया गया है जो की चलते समय बैटरी को चार्ज करती है ताकि इसकी बैटरी कभी खत्म न हो। इसके अलावा इस साइकिल की एक और खासियत है, यह साइकिल पासवर्ड पर आधारित है, जिसका मतलब है की पासवर्ड डालने के बाद ही यह साइकिल स्टार्ट होती है। इस साइकिल में इस डिवाइस को लगाने का उद्देस्य बढ़ते चोरी को कम करना है। साथ ही साथ इस साइकिल में मोबाइल चार्ज करने की भी सुविधा उपलब्ध है।

## धनबाद के व्यवसायी विधायक अनुप सिंह से की मुलाकात

# निर्भीक होकर अपना व्यवसाय करें, रंगदारी नहीं चलने दी जाएगी



**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**
**धनबाद।** बैंक मोड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स, मोबाइल एसोसिएशन, कृषि बाजार समिति के संयुक्त तत्वावधान में व्यवसाईयों का प्रतिनिधिमंडल बेरमो विधायक सह कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पति जय मंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह से मिला और धनबाद के ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराया। जिसमें सड़क जाम, निर्बाध बिजली, स्वास्थ्य, रंगदारी के कारण भय का वातावरण जिसके कारण व्यवसायी पलायन कर रहे। विधायक अनूप सिंह ने कहा कि आप निर्भीक होकर अपना व्यवसाय करें। यहां किसी की भी रंगदारी नहीं चलने दी जाएगी। अगर कांग्रेस की प्रत्याशी को आप लोगों का आशीर्वाद मिलता है मैं यह वादा करता हूं कि कंधे से कंधा मिलाकर हर वर्ग के लोगों के साथ हर समय खड़ा रहूंगा, और भय मुक्त धनबाद बनाऊंगा। बैठक में बैंक मोड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल, पूर्व चेंबर अध्यक्ष प्रभात सुरोलिया, संदीप मुखर्जी, विकास पटवारी, मोबाइल एसोसिएशन के अमित दास, पवन गुप्ता, डॉ अनिल बारवाल, बाजार समिति के गौरव घर आदि कई व्यवसाय एवं पदाधिकारी उपस्थित थे। जानकारी जिला प्रवक्ता सतपाल सिंह ब्रोका ने दी।

# धनबाद में नए-नए कारकों ने बढ़ाया प्रदूषण, हल एक का भी नहीं







तस्वीरें : गौतम डे

- खतरनाक गैस और धूलकण हवा को कर रही प्रदूषित
- प्रदूषण बढ़ने से लोग गंभीर बीमारियों की जद में

**रविन्द्र कुमार**
**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**धनबाद।** हरा-भरा रहने वाला धनबाद आज प्रदूषण की जद में आ गया है। कोयला ट्रांसपोर्टिंग के साथ भवन निर्माण, लगातार बढ़ते वाहन, पुराने वाहनों से निकलने वाला धुआं प्रमुख रूप से प्रदूषण का कारण बना है। बीते पांच वर्षों में अंधाधून पेड़ों की कटाई भी हुई है। पेड़ों की कटाई की तुलना में पर्याप्त पौधे नहीं लगाए गए। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की सख्ती के बाद हालात में सुधार तो हुआ, लेकिन यह नाकाफी रहा। लगभग सौ वर्षों से कोकिंग कोल के जलने से हवा विषाक्त हो चुकि है। अब-तक हुए सभी अध्ययन की रिपोर्ट बताती है कि धनबाद में प्रदूषण की मात्रा अचानक नहीं बढ़ी। साल दर साल इसमें वृद्धि होती गयी। सल्फर ऑक्साइड, कार्बन मोनो-ऑक्साइड, नाइट्रोजन केऑक्साइड, मिथेन जैसी गैस हवा में घूल रही है और लोग गंभीर बीमारी की जद में आते जा रहे हैं।

### किन गैसों से क्या पड़ता है प्रभाव

#### कार्बन मोनोक्साइड

हवा में कार्बन-मोनोक्साइड से खून में ऑक्सीजन वहन करने की क्षमता कम होती है। परिणामस्वरूप हृदय रोग का खतरा भी बढ़ जाता है।

#### सल्फर डाइऑक्साइड

सल्फर डाइऑक्साइड से दिल और फेफड़े क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। इससे ब्रांकियल समस्याएं, नाक बंद होना, कफ की समस्या बढ़ जाती है। नेत्र दोष भी होता है।

#### कार्बन-डाइऑक्साइड

कार्बन-डाइऑक्साइड से सांस लेने में परेशानी तथा अचानक चेतना में कमी होती है। नेत्र संबंधी कई विकार भी होते हैं। हवा में कार्बन-मोनोक्साइड से खून में ऑक्सीजन वहन करने की क्षमता कम होती है। परिणामस्वरूप हृदय रोग का खतरा काफी बढ़ जाता है।

#### हाइड्रोजन सल्फाइड और मिथेन

हाइड्रोजन सल्फाइड से न्यूरो-टॉक्सिक, लंग्स एवं थ्रोड भी प्रभावित होता है। कैंसर का खतरा भी बढ़ जाता है। मीथेन गैस से नेत्र संबंधी समस्या, मस्तिष्क और हृदय को स्थायी नुकसान पहुंचा सकता है।



" प्रदूषण बढने का सबसे बड़ा कारण वाहनों की संख्या में इजाफा होना है। कोयला खदान और उसमें लगी आग के साथ खनन के लिए अपनाया जाने वाला अवैज्ञानिक तरीका भी प्रदूषण का कारक है। वैज्ञानिक पद्धति अपनाना होगा। पेड़ों की कटाई पर लगाम लगाना भी जरुरी है।

**सिद्धार्थ सिंह, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक, सिम्फर**

### ये हैं प्रदूषण के प्रमुख कारण



**कोयला खदान और उसमें लगी आग :** धनबाद की हवा में सबसे अधिक जहर कोयला घोल रहा है। खनन के दौरान होने वाली ब्लास्टिंग की वजह से बड़ी मात्रा में धूलकण हवा में पहुंच इसे प्रदूषित कर रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार कोयला खदान और उसमें लगी आग के साथ खनन के लिए अपनाया जाने वाला अवैज्ञानिक तरीका प्रदूषण का प्रमुख कारण है।

**खुले ट्रक में कोयला की ढुलाई :** प्रदूषण बोर्ड ने धनबाद में प्रदूषण का सबसे मुख्य कारण खुले ट्रक में कोयला की ढुलाई को बताया। कुछ समय तक सख्त निर्देशों का पालन किया गया, लेकिन फिर बिना ढके ही कोयले का ट्रकों से आयात-निर्यात चालू हो गया है।

**वाहनों की बढती संख्या :** वाहनों की बढती संख्या वायु और ध्वनि प्रदूषण बढाने में बराबर की भूमिका निभा रहे हैं। पिछले एक दशक में 4 लाख वाहन धनबाद की सड़कों पर उतारे गए हैं। इन वाहनों में दोपहिया से लेकर कोयला खनन और ट्रांसपोर्टिंग में इस्तेमाल होने वाले बड़े वाहन भी शामिल हैं। बड़े वाहन में ईंधन का दहन से काफी जहरीली गैसों का उत्सर्जन होता है।

**पेड़ों की अंधाधून कटाई :** बीते पांच वर्षों के आंकड़े बताते हैं कि जिले में पेड़ों की अंधाधून कटाई हुई है। जहां-जहां पेड़ों की कटाई हुई। उसकी जगह दूसरे स्थानों पर पौधे लगाये जाने थे, लेकिन पोधरोपण नहीं हो सका। कुछ जगहों पर पोधरोपण हुआ भी तो वह सुख कर खराब हो गए। इसका एक बड़ा उदाहरण 8 लेन सड़क है।

## एसिड अटैक पीड़ितों का एसएनएमएमसीएच में चल रहा इलाज, दो लोगों की हालत गंभीर

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**धनबाद।** साहिबगंज के राजमहल शहर अंतर्गत अनुमंडलीय अस्पताल के पुराने भवन के समीप अर्ध निर्मित मार्केट कांप्लेक्स की छत पर सो रहे एक परिवार के चार लोगों पर एसिड अटैक कर गंभीर रूप से घायल करने का मामला सामने आया है। घटना के तुरंत बाद अहले सुबह करीब 3 बजे घायलों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। 60 वर्षीय फुलवानो बेवा, 35 वर्षीय शेख हसीना, 30 वर्षीय आलम शेख और 15 वर्षीय किशोरी एसिड अटैक में घायल हुए। चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देखते हुए सभी घायलों को धनबाद एसएनएमएमसीएच रेफर कर दिया। जहां सभी लोगों का इलाज चल रहा है। पीड़ित आलम शेख ने बताया कि पीड़ित परिवार होटल चलाने का काम करता है। रात में छत पर सभी लोग सोए हुए थे। उसी वक्त पहले से घात लगाए लोगों ने एसिड अटैक कर दिया।

### तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



एसिड अटैक मामले में पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पीड़ित आलम शेख के फर्द बयान पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित आलम शेख का फर्द बयान लिया गया है। बताया कि बहन शेख हसीना, भांजी और मां छत पर सो रहे थे। तीन लोग एसिड फेंककर भाग गए। त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। जिसमें मुख्य आरोपी मनीष ने अपना जुर्म कबूल किया है। राजमहल में वह एक दुकान में काम करता है, जहां टॉयलेट का क्लीनर बनाने का वह काम करता है। यहीं से एसिड लाया था।

### धनबाद की युवती से निकाह का झांसा देकर यौन शोषण का आरोपी

## एआईएमआईएम नेता दानिश अजीज गिरफ्तार

- होटल में ले जाकर बनाया संबंध, पुलिस ने लिया चार दिनों के रिमांड पर

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**धनबाद।** शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण के मामले में आरोपी एआइएमआइएम जिलाध्यक्ष दानिश अजीज को गिरफ्तार किया गया है। मंगलवार को उसे आसनसोल उत्तर थाना पुलिस ने कोर्ट में पेश कर चार दिन की रिमांड पर लिया है। दानिश के खिलाफ धनबाद की एक युवती ने यौन शोषण का मामला कुछ दिन पहले आसनसोल उत्तर थाना में दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने छानबीन शुरू की और दानिश को गिरफ्तार किया। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि दानिश ने उसे निकाह का झांसा देकर उससे लगातार दुष्कर्म किया। निकाह करने से इनकार कर दिया। पिछले एक साल से उसके साथ दानिश का संबंध चल रहा था। उसने दावा किया कि धनबाद व रानीगंज के विभिन्न स्थानों पर वह दोनों मिला करते थे। 31 जनवरी को भी दानिश उसे एक होटल में ले गया और उससे शारीरिक संबंध बनाया। जब निकाह करने का दबाव दिया तो दानिश ने इंकार कर दिया।



आरोपी एआइएमआइएम नेता दानिश लाल घेरे में

*आसनसोल नार्थ से 2021 में लड़ा था विस चुनाव*

*पीड़िता ने दानिश के खिलाफ आसनसोल नार्थ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर उसे दबोच लिया। गौरतलब है कि 2021 में दानिश ने विधानसभा चुनाव भी लड़ा था। उसके प्रचार में मीम प्रमुख ओवैसी आये थे।*

## गोविंदपुर और कालूबथान से कोयला लदे दो वाहन जब्त, चालक को भेजा गया जेल

- जांच में नहीं मिले वैध कागाजात
- दोनों मामले में 10 के खिलाफ केस दर्ज

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर और कालूबथान पुलिस ने बीते मंगलवार की रात कोयला लदे दो वाहनों को पकड़ा साथ ही 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोविंदपुर में आईटीआई घोड़ामुर्गा भेलाटांड़ के समीप पेट्रोलिंग टीम ने छापामारी कर टाटा आयशर वाहन जेएच 10 सीएन 9506 पर लदे करीब 5 टन कच्चा कोयला जब्त किया। पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रविकांत प्रसाद ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि आईटीआई की तरफ से टाटा आयशर वाहन से अवैध कोयला का परिवहन किया जा रहा है। इसके बाद पेट्रोलिंग टीम पहुंची और टाटा आयशर वाहन को पकड़ लिया पर अंधेरे का लाभ उठाते हुए चालक भाग निकला। पुलिस ने जांच की तो गाड़ी में कोयला के कोई वैध कागजात नहीं थे। पुलिस ने चालक व मालिक, सोनू अंसारी (बागसुमा), मंजूर अंसारी (जंगलपुर) और राहुल अंसारी (जंगलपुर) की संलिप्तता पाई। पुलिस ने सभी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इधर कालूबथान पुलिस ने भी गश्ती के दौरान कलियासोल प्रखंड कार्यालय के समीप कोयला लोड ट्रक पकड़ा। पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।



## गाड़ी में आग लगने की बात कह रोका और बैग लेकर फरार हो गये दो बदमाश

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर थाना अंतर्गत लाल बाजार के भीड़भाड़ वाले इलाके में मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों ने गाड़ी में आग लग गई चिल्लाते हुए सुभाष मित्तल की गाड़ी रूकवाई और उनका बैग लेकर भाग गए। जिला परिवहन कार्यालय में वेंडर का काम करने वाले गोविंदपुर लाल बाजार निवासी सुभाष मित्तल मंगलवार की दोपहर कार से धनबाद से गोविंदपुर आ रहे थे। इस बीच ऊपर बाजार तिराहा के समीप मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों ने कहा कि गाड़ी से पेट्रोल टपक रहा है, परंतु चालक ने कार नहीं रोकी। वह लाल बाजार की ओर बढ़ता गया। उसके बाद दोनों युवक मोटरसाइकिल से कार का पीछा करते हुए आने लगे। फिर लाल बाजार मछली पट्टी के पास कहा कि गाड़ी में आग लग गई है। इसके बाद चालक ने भयभीत होकर गाड़ी रोक दी। चालक एवं मित्तल गाड़ी से उतरकर अगला हिस्सा देखने लगे, तब पीछे सीट पर रखा उनका बैग लेकर दोनों युवक भाग निकले। संयोग था कि बैग में नकद नहीं थे। बैग में उनकी एवं उनकी पत्नी का आधार कार्ड, इंडियन बैंक का एटीएम, चेक बुक, कई ड्राइविंग लाइसेंस, गाड़ी इंश्योरेंस के कागज, परमिट, चालान डायरी, कॉपी आदि थे।

## आगरडीह में भू-धंसान स्थल पर बढ़ा दरारों का दायरा, गैस रिसाव से दहशत

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**कतरास।** बीसीसीएल के गोविंदपुर क्षेत्र के आगरडीह में पांच दिन पूर्व हुए भू-धंसान स्थल पर पड़ी दरारों का दायरा बुधवार को और बढ़ गया है और जहरीली गैस का भी रिसाव हो रहा है जिससे आसपास में रह रहे लोगों में दहशत है। बताते चलें कि डेंजर जोन घोषित आगरडीह में बीते गुरूवार की रात भू-धंसान व घरों में दरार पड़ने की घटना घटी थी जिसके बाद 20 परिवार के लोग बेघर हो गए थे। कई लोग पंचायत भवन एवं कई लोग अपने पड़ोसियों के घर में शरण ले रखा है। इधर बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा अब तक भू-धंसान स्थल व दरार पड़े स्थानों पर मिट्टी से भराई और घेराबंदी नहीं किए जाने से आगरडीह से होकर गुजरने वाले सड़क मार्ग पर पड़े दरार के बढ़ने से उसकी चपेट में आने की संभावना जतायी जा रही है। विदित हो कि आगरडीह में छह माह पूर्व सड़क का निर्माण किया गया था, लेकिन जमीन के साथ सड़क पर दरार पड़ जाने से सड़क मार्ग जगह जगह नीचे धंस गया है एवं कई जगहों पर दरार पड़ गयी है। दूसरी ओर बीसीसीएल प्रबंधन से 20-20 हजार रुपये मुआवजा की मांग जल्द से जल्द करने की मांग प्रभावितों ने की है, ताकि वे लोग अपने आशियाना पुनर्वास स्थल पर बना सकें। बेघर हुए लोगों का कहना है कि ईट व घर के एसबेस्ट्स शीट को उठाकर ले जाने के लिए बीसीसीएल के द्वारा एक ट्रैक्टर दिया गया है, जो दोपहर तीन बजे के बाद आता है।



## बाघमारा : बीआरसी गोदाम से एमडीएम के 29 क्विंटल चावल चोरी

**आवाज एक्सक्लुसिव**

- लिपापोती में जुटे अधिकारी
- बच्चों का निवाला छीनने की बात पर बीईओ ने कहा मिलकर करेंगे बात

**पिंटू शर्मा**
**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**बाघमारा।** सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों के लिए सरकार द्वारा मध्याह्न भोजन का प्रबंध किया जाता है। पर बाघमारा प्रखंड में मध्याह्न भोजन के चावल की कालाबाजारी हो रही है और लिपापोती के लिए चोरी की बात कही जा रही है। एमडीएम के तहत चावल चोरी की सूचना विभाग के कर्मियों को उस समय मिली जब वह विभिन्न विद्यालयों में चावल का वितरण करना शुरु किया। इसके बाद विभाग ने आनन-फानन में खिड़की का ग्रील तोड़कर एमडीएम का लगभग 29 क्विंटल चावल चोरी हो जाने की बात स्थानीय पुलिस से कही। मामले को लेकर जब प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अहमद हुसैन से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने ऑफिस आकर मिलने को कहा, जो कई सवालों को उठा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एमडीएम चावल की सप्लाई साधु इंटरप्राइजेज द्वारा की जाती है। ऐसे में अगर 29 क्विंटल चावल की चोरी खिड़की का ग्रिल काटकर होती है तो इसका जिम्मेवार कौन है। लोगों ने बताया कि मामले में विभाग अगर गंभीरता दिखाती है तो कई लोगों की गर्दन फंस सकती है। आखिर खिड़की का ग्रिल तोड़कर 29 क्विंटल चावल की चोरी करना लोगों को पच नहीं रहा है। लोगों ने मांग की है कि उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए और नौनिहालों के निवाले पर डाका डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।



बीआरसी भवन स्थित गोदाम

### 238 विद्यालयों में होती है 14 सौ क्विंटल चावल की आपूर्ति

एमडीएम चावल आपूर्ति में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद में कार्यरत दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि प्रखंड के 238 विद्यालयों में लगभग 14 सौ क्विंटल एमडीएम चावल की आपूर्ति यहीं से की जाती है। विगत 15 अप्रैल को चावल वितरण के दौरान पता चला कि 29 क्विंटल चावल कम है। जांचोपरांत पाया कि स्टोर रुम की खिड़की में लगे ग्रील टूटे हुए हैं। अधिकारियों द्वारा आशंका व्यक्त की गयी कि ग्रील तोड़कर लोगों द्वारा 29 क्विंटल चावल की चोरी कर ली गयी है। चोरी हुए चावल की भरपाई से संबंधित सवाल पूछने पर ऑपरेटर ने बीईओ से संपर्क करने की बात कही। चोरी की सूचना बाघमारा पुलिस को भी दी गयी है। बाघमारा थाना प्रभारी सुजीत कुमार सिंह ने कहा कि शिकायत में मिलान के दौरान आवंटित चावल में कमी पाए जाने की सूचना दी गयी हैं। थाना प्रभारी ने भी आशंका जताते हुए कहा कि खिड़की का एक ग्रील तोड़कर आखिर चावल को बोरी को कैसे निकाला जा सकता है। मामले को लेकर थाना के तेजतर्रार अधिकारी को जांच का जिम्मा दिया गया है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## टाइल्स शोरूम में लाखों की चोरी सीसीटीवी में कैद हुआ चोर की तस्वीर

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**धनसार।** धनसार चौक के समीप स्थित न्यू टाइल्स नामक प्रतिष्ठान में चोरों ने मंगलवार की देर रात चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने बीस लाख रुपये चुराए जाने की बात कही जा रही है। मामले को लेकर शोरूम के मैनेजर राजकुमार अग्रवाल ने धनसार थाने में शिकायत की है। बताया है कि मंगलवार को तय समय पर रात में दुकान बंद कर सारे लोग चले गए। सुबह आने पर देखा कि कैश काउंटर का ताला टूटा हुआ है। लगभग बीस लाख रुपये होने की बात कही जा रही है, जो गायब थे। तब दुकान के कर्मियों ने सीसीटीवी को खंगाला। फुटेज में पता चला कि दुकान के पीछे से चोर प्रवेश किए थे। माना जा रहा है कि सीढ़ी लगाकर दुकान की लोहे की खिड़की काट दी गई। इसके बाद प्रवेश कर काउंटर में रखी सारी रकम लेकर चोर उसी रास्ते से निकल गए। पुलिस को भी उक्त सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध करा दिया गया है। जिसमें चोर का चेहरा दिख रहा है। पुलिस शोरूम जाकर मामले की छानबीन की। पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गई है। धनसार थाना प्रभारी ने चोर की पहचान के लिए मुखबिरों को लगा दिया है। ताकि फुटेज के आधार पर उन्हें दबोचा जा सके।

सीसीटीवी फुटेज मे चोर का चेहरा कैद हो गया है। मामले की पड़ताल की जा रही है। जल्द ही चोरों को दबोच लिया जाएगा।

**मनोज पांडेथाना प्रभारी, धनसार**

# डीसी ने बीसीसीएल, टाटा स्टील व अन्य कंपनियों के साथ की बैठक

## लोस चुनाव में अपना बेहतरीन योगदान देने का दिया निर्देश


बैठक में शामिल उपायुक्त माधवी मिश्रा और अन्य

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**धनबाद।** उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय स्थित सभागार में बीसीसीएल के सभी महाप्रबंधक, टाटा स्टील, इसीएल, डीवीसी मैथन, पंचेत, एमपीएल, हर्ल के परियोजना प्रमुख, सभी सीडीपीओ के साथ लोकसभा चुनाव के निमित्त वोटर अवेयरनेस फोरम, एएमएफ और यूनिक बूथ से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने सभी महाप्रबंधक और परियोजना प्रमुख को वोटर अवेयरनेस फोरम से संबंधित रिपोर्ट 27 अप्रैल तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। कर्मियों और उनके परिवारजनों का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त समेत अलग-अलग विभाग के पदाधिकारी शामिल हुए।

**बुनियादी सुविधाओं का रखेंगे ख्याल :** सभी महाप्रबंधक समेत सभी परियोजना प्रमुख को अपने-अपने क्षेत्र की बूथों में बुनियादी सुविधाएं जैसे पीने योग्य पानी, शौचालय, बिजली, रैंप आदि की व्यवस्था के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। 30 अप्रैल तक व्यवस्था सुनिश्चित कर रिपोर्ट मांगा गया है। साथ ही यूनिक बूथ बनाने के लिए भी निर्देशित किया गया। उपायुक्त ने कहा कि 10 बूथों को चिन्हित कर यूनिक चीजों से जोड़े और बूथ को सुसज्जित करें। राष्ट्रीय औसत से कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों में स्वीप की विशेष एक्टिविटी हो।

### कॉलेजों में मतदान पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव को सफल बतनाने के लिए बुधवार को एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय, पीके राय मेमोरियल कॉलेज और गुरुनानक कॉलेज में मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। मतदाता पंजी में प्रत्येक मतदाता के सम्बंध में प्रविष्टि करना, प्रत्येक मतदाता को मतदाता पर्ची जारी करना और प्रत्येक मतदाता के बाएं हाथ के तर्जनी उंगली में अमिट स्याही लगाने की प्रक्रिया के सम्बंध में आवश्यक जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें डमी मतदाता रजिस्टर एवं डमी मतदाता पर्ची का अवलोकन कराया गया। प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीसीएलआर संतोष गुप्ता ने कहा कि इस बार 80 प्रतिशत मतदान प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित है। जिला प्रशासन को सभी मतदान पदाधिकारियों से प्रशिक्षण सत्र में शत प्रतिशत उपस्थित होकर गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण लेने की अपेक्षा है। प्रशिक्षण नहीं लेने वाले पदाधिकारी पर द रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपल एक्ट, 1951 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### उपायुक्त ने किया डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण


निरीक्षण करती उपायुक्त और अन्य

**धनबाद।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बुधवार को आईटीआई धनबाद और राजकीय पॉलिटेक्निक धनबाद स्थित डिस्पैच सेंटर के लिए चिन्हित कमरों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां मटेरियल डिस्पैच, ईवीएम डिस्पैच, बूथवार मार्किंग, पोलिंग पार्टियों के बैठने की व्यवस्था, रौशनी, सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था, सिटिंग अरेंजमेंट, साफ-सफाई, अग्नि सुरक्षा, समेत अन्य विभिन्न बिंदुओं का जायजा लेते हुए संबंधित कोषांग के पदाधिकारियों से चर्चा की। डिस्पैच सेंटर में आवश्यक सभी व्यवस्थाओं के अलावा साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, बिजली की निरंतर उपलब्धता के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने डिस्पैच सेंटर में प्रतिनियुक्त अधिकारी और मतदान कर्मी को मिलने वाली सुविधाओं का भी जायजा लिया।

### ईवीएम, वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वोटर वेरिफि एबल पेपर ऑडिट ट्रेल का प्रथम रेंडमाइजेशन मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। ईवीएम, वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया के निदेर्शानुसार ईसीआई की वेबसाइट पर किया गया। प्रथम रेंडमाइजेशन के बाद सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सभी विधानसभा की एक-एक प्रति उपलब्ध कराई गई। इस मौके पर सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### नए मतदाता को वोटर कार्ड बनाने का लिए कैंप का आज अंतिम दिन

**धनबाद :** पीके राय मेमोरियल कॉलेज और अन्य कॉलेज में नए मतदाता को मतदाता सूची में जोड़ने के लिए 2 दिवसीय कैंप लगाकर छात्रों का वोटर आईडी कार्ड बनाने के लिए कैंप लगाया गया है। जिसमें अधिक से अधिक नए मतदाता को जोड़ने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा कोशिश किया जा रहा है। अभी देखा जाए तो कॉलेज के छात्र एवं छात्राओं करीब 70 छात्र अपना नाम का वोटर आईडी कार्ड बनाने के लिए अपना प्रमाण पत्र दिया है। यह आईडी कार्ड बनाने के लिए छात्र को आधार कार्ड,फोटो और पापा और मां का वोटर आईडी कार्ड का जोरेक्स कॉपी लगा रहा है।

# बांग्ला भाषा को दिलायेंगे उचित सम्मान : ढुलू

## बंगाली एकता सम्मेलन में भाजपा प्रत्याशी का किया गया सम्मान


कार्यक्रम में मौजूद ढुलू महतो, फूलचंद मंडल और अन्य

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**धनबाद।** बरवाअड्डा दुर्गा मंदिर प्रांगण में बांग्ला नववर्ष एवं बंगाली एकता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिंदरी के पूर्व विधायक फूलचंद मंडल ने की। संचालन बबीता मंडल, पंपा पाल और ओम प्रसाद ने किया। मुख्य अतिथि बाघमारा विधायक सह धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुलू महतो और विशिष्ट अतिथि बोकारो विधायक बिरंची नारायण को शॉल और बुके देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि बांग्ला भाषा आंदोलन पिछले 24 सालों से चल रहा है। इन सालों में बांग्ला भाषियों को अपने हक से वंचित रखा गया। एक षड्यंत्र के तहत बांग्ला भाषा को धीरे-धीरे खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। समिति की कार्यकारी सभापति रीना मंडल ने कहा कि बांग्ला भाषा आंदोलन में ढुलू महतो का हमेशा ही समर्थन रहा है और वे हमेशा बांग्ला भाषियों के हित के लिए आवाज उठाते आ रहे हैं। आज झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति के सभी सदस्य एवं पदाधिकारी ने धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुलू महतो को एक मांग पत्र बांग्ला भाषा के सम्मान के लिए सौंपा। प्रत्याशी श्री महतो ने बांग्ला भाषियों को यह आश्वासन दिया कि जीतेंगे तो लोकसभा सदन में बांग्ला भाषियों के हक,अधिकार के लिए आवाज उठाएंगे। साथ ही कहा कि उनकी पूरी कोशिश होगी कि बांग्ला भाषियों को उचित सम्मान दिलाया जाय।

# कांग्रेस के मेनीफेस्टो में बहुसंख्यक की गाढ़ी कमाई पर नजर : जिलाध्यक्ष


प्रेस वार्ता को संबोधितकरते श्रवण राय और अन्य

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**धनबाद।** धनबाद भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा है कि पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में भारतीयों की संपत्ति जब्त करने और पुनर्वितरित करने का वादा किया है। यह बातें बुधवार को धनबाद भाजपा के जिलाध्यक्ष श्रवण राय ने प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा यह कांग्रेस का घोषणापत्र कहता है वो (हमारी) मां और बहनों के पास जो सोना है, उसका जायजा लेंगे, वो उसे गिनेंगे और आकलन करेंगे और फिर उस धन को दूसरे समुदाय में वितरित करेंगे वो इसे उन लोगों को देंगे जो डॉ मनमोहन सिंह की सरकार ने कहा था - कि मुसलमानों के पास देश की संपत्ति पर पहला अधिकार है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में ऐसे त्रुस्टिकरण वाले पार्टी के बहकावे में नही आना है। कांग्रेस गठबंधन की नजर अब आपकी गाढ़ी कमाई पर है। माताओ बहनो का मंगलसूत्र भी अब सलामत नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि उनके घोषणापत्र में स्पष्ट कहा गया है कि कांग्रेस जातियों उपजातियों और उनकी सामाजिक आर्थिक स्थितियों का गणना कराएग। देश में बहुसंख्यक वाले की कोई गिनती नहीं है। ऐसे में हमें भाजपा को वोट कर उनकी त्रुस्टिकरण की नीति को ध्वस्त करना है। मौके पर भाजपा मीडिया प्रभारी मिल्टन पार्थ सारथी, जिला उपाध्यक्ष मानस प्रसून, संजय झा, महामंत्री नितिन भट्ट, रवि सिन्हा, राज किशोर जेना सोशल मीडिया प्रभारी, शिवांश श्रीवास्तव आईटी सेल प्रभारी आदि मौजूद थे।

## युवा कांग्रेस की बैठक में बेरमो विधायक बोले

# देश का भविष्य युवा पर ही करता है निर्भर : अनुप सिंह


संबोधित करते विधायक अनूप सिंह

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**धनबाद।** युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष कुमार गौरव की अध्यक्षता में युवा कांग्रेस के जिला पदाधिकारी, विधानसभा अध्यक्ष, नगर, प्रखंड अध्यक्षों के साथ बैठक की गई। जिसमें धनबाद जिला युवा कांग्रेस ने कांग्रेस घोषणापत्र की पांच न्याय गारंटी युवा न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय, नारी न्याय, हिस्सेदारी न्याय को धनबाद लोकसभा में हर दरवाजे तक पहुंचाने के लिए बुधवार को चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत की। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष कुमार गौरव ने धनबाद लोकसभा से कांग्रेस उम्मीदवार अनुपमा सिंह के पक्ष में बेरमो विधायक अनुप सिंह, युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, इंटक नेता ए के झा के साथ इस अभियान की शुरूआत की। मुख्य अतिथि बेरमो विधायक अनूप सिंह ने कहा कि युवा कांग्रेस रीड की हड्डी है युवा पर ही देश का भविष्य निर्भर करता है। युवा कमर कस लें मौजूदा हालात में हमें आगे आकर लोकतंत्र व संविधान को बचाना है, मोदी के खरीदे हुए गुलाम संविधान को फिर से लिखने और डॉ बी आर अंबेडकर द्वारा रचित संविधान की मौलिक नैतिकता और सिद्धांतों को मिटा देने की एक घिनौनी साजिश कर रहे हैं। 400 पार का खोखला नारा और कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने पिछले 15 वर्षों से धनबाद लोकसभा क्षेत्र सबसे अमीर खनिज संपदा क्षेत्र जिसके कोयले से पूरा देश जगमगाता है। लेकिन आज धनबाद लोकसभा क्षेत्र में डीवीसी के द्वारा निर्बाध बिजली न देने के कारण यहां के उद्योग एवं लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदूषण से लेकर हर तरह की समस्याओं से जूझ रहा है। जाम की समस्या फ्लाईओवर न होने के कारण लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। धनबाद की जनता आशीर्वाद देती है तो इन सबों का क्रियान्वयन प्राथमिकता आधार पर किया जाएगा। अवसर पर युवा कांग्रेस के राजीव रंजन कुमार, लोकसभा प्रभारी विक्की कुमार, महासचिव विक्की कुमार, कमल शर्मा, सूरज वर्मा, सोनू यादव, दीपक यादव आदि सैकड़ों युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## धनबाद में कांग्रेस की होगी प्रचंड जीत : सीता राणा


बैठक में शामिल सीता राणा और अन्य

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा चुनाव को लेकर महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सीता राणा ने कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के जीत के लिए धनबाद के केंदुआ कठगोला, पुटकी बारह नंबर मुनीडीह क्षेत्र में जनसंपर्क चलाया। सीता राणा ने मौके पर कहा कि धनबाद लोकसभा में कांग्रेस प्रत्याशी की प्रचंड जीत होगी। मोदी के झूठे गारंटी पर जनता को अब भरोसा नहीं रहा है। धनबाद में जनता कांग्रेस के साथ है और कांग्रेस के विचारधारा और राहुल गांधी पर भरोसा जता रही है। मौके पर हेमंती जायसवाल,जानकी देवी, नूतन विश्वकर्मा, मुनिया देवी, सावित्री देवी, राजो देवी, निशा देवी, रजनी देवी, सरिता देवी, गंगा देवी, अनिता देवी, निशा देवी, रिंकू देवी, गुड़िया देवी, रमणी देवी आदि शामिल थी।

# 29 को आजसू छात्र संघ का सम्मेलन, सुदेश महतो करेंगे शिरकत


संबोधित करते छात्र नेता

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**धनबाद।** आजसू छात्र संघ धनबाद जिला की बैठक कार्मिक नगर में हुई, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विकास कुमार ने की एवं संचालन जिला महासचिव नितेश महतो ने किया। इस बैठक में मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष मंटू महतो एवं विशिष्ट अतिथि छात्र इकाई के प्रदेश महासचिव विशाल महतो उपस्थित हुए.बैठक में आगामी 29 अप्रैल को आजसू पार्टी के होने वाले धनबाद लोकसभा स्तरीय सम्मेलन की तैयारी के लिए चर्चा की गई। इस सम्मेलन में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो उपस्थित रहेंगे। पार्टी के जिलाध्यक्ष मंटू महतो ने छात्र संघ आजसू के कार्यकताओं को तैयारी में जुट जाने के लिए निर्देश दिया। बैठक में विक्की कुमार, सुदामा महतो, भोला पासवान, बजरंग महतो, राकेश ठाकुर, कबीर गोप, परिमल महतो, दीपक महतो, विवेक महतो, गौतम धीबर, शुभम रजक, अमित, बिष्णु, रोहित, सचिन दास, सूरज शर्मा, हेमंत महतो, आनंद कश्यप, आदि मौजूद थे।

### साप्ताहिक भोजन कार्यक्रम का 100 सप्ताह पूर्ण

**धनबाद।** बंगाली वेल्फेयर सोसाइटी ने एसएनएमएमसीएच में अपने साप्ताहिक भोजन कार्यक्रम के 100 सप्ताह पूरे होने का जश्न मनाया। दो साल पहले मई 2022 में एसएनएमएमसीएच में भर्ती मरीजों की प्राप्ति के लिए बंगाली वेलफेयर सोसाइटी द्वारा साप्ताहिक फीडिंग कार्यक्रम शुरू किया गया था। तब से यह सेवा निरंतर जारी है। 100 सप्ताह पूरा होने पर विशेष मेनू के साथ फल भी बांटे गये। कार्य को प्रोत्साहित करने के लिए धनबाद विधायक राज सिन्हा व अन्य, सीआईएसएफ के डीआईजी, विनय काजला उपस्थित थे।

## केसीएन क्लब का राष्ट्रीय अधिवेशन सम्पन्न

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**धनबाद।** भारत की समसामयिक समस्याओं पर कार्यरत राष्ट्रीय सेवाभावी संगठन नोइंग सिटीजन्स नीड़ क्लब (केसीएन क्लब) का 12वां राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति का दो दिवसीय अधिवेशन वृंदावन होटल, धनबाद के प्रांगण में किया गया। अध्यक्षता संस्था के राष्ट्रीय प्रवक्ता व वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता आचार्य संजय सिंह चन्दन द्वारा हम एक हैं हम नेक हैं के सन्देश के साथ किया गया। इसमें प्रदेश व राष्ट्र की समस्याओं पर निदान की चर्चा कर जागरूकता फैलाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में कवि सम्मेलन कर विशिष्ट अतिथियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में प्रमुख अतिथि के रूप में पूर्व एनटीपीसी सीईओ व वर्तमान रिलायंस एनर्जी जीएम अनिल कुमार सिंह व अति बविशिष्ट अतिथि के रूप में सीपी सिंह, समाजसेवी विकास सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में साहित्यकारा प्रमिला श्री तिवारी, डॉ नीरा प्रसाद, स्नेह प्रभा पाण्डेय, डॉ प्रियदर्शिनी पुष्पा, शालिनी झा उपस्थित थी। इन सभी के हाथों दीप प्रज्वलित कर नववर्ष बैनर का अनावरण कर किया गया। प्रमिला श्री तिवारी ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत की। साथ ही संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व राष्ट्रीय साहित्यकार डॉ कृपाशंकर मिश्र ने संस्था का सम्पूर्ण परिचय देते हुए 35 वर्षो की विजय गाथा सभी को बताई। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा विवाह व्यवस्था, विवाह पर होने वाले खर्च में कमी लाने, स्त्री पुरुषों को जनजागरूक करने सहित पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण जैसे ज्वलंत मुद्दों पर प्रकाश डाला।

# जब भी आता चुनाव, धनबाद के लोगों को आती है बुधन राम की याद

- वे नहीं रहे मगर अपना नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज करा गये
- 79 बार लड़े और राष्ट्रपति पद के लिए भी किया था नामांकन
- अमेठी से राजीव गांधी के खिलाफ चुनाव लड़कर देश स्तर पर आये थे चर्चा में

**-हरेन्द्र शर्मा-**

**धनबाद।** देश, प्रांत और जिले में जब भी चुनाव होता था, अपने बुधन राम की उम्मीदवारी सुर्खियों में बनी रहती थी। गांव की सरकार में शामिल होने के लिए वे पंचायत स्तरीय चुनाव से लेकर विधायक, सांसद तक का अपने जीवन में 79 बार चुनाव लड़े, किन्तु एक बार भी नहीं जीत पाए मगर अपना नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज कराने में सफल रहे। जबतक स्वास्थ्य ठीक रहा वे कभी भी अपनी हार नहीं माने। बुधन राम लोगों के पूछने पर कि इस बार चुनाव जीतेंगे या नहीं अथवा आपकी क्या स्थिति है तो उनका दो टूक जवाब होता था, जीतने की बात करते हो, मैं हारा ही कब हूं..। जीत रहे हैं और अबकी बार सबका जमानत जब्त हो जायेगा। इतना सुनते ही लोग ठहाके लगा देते थे। जब वे पैदल चुनाव प्रचार को निकलते थे तो बच्चे भी उन्हें देखकर ठीक वैसे ही आनंद विभोर हो जाते थे, जैसे बहुरूपिया को देखकर मनहूस चेहरे पर भी हंसी दौड़ जाती है।

### जब अचानक गुम होने पर फैल गयी थी सनसनी

नाटे कद काठी के बुधन राम अपना प्रचार खुद पैदल चलकर करते समय किधर गुम हो जाते थे, उनके अंगरक्षक भी परेशान हो जाते थे। एक बार तो उसके गायब होने के बाद सनसनी सी फैल गयी थी। अंधेरा हो गया था और बुधन राम को शौच लग गया। वे अचानक झाड़ी में बैठ गये। अंगरक्षक परेशान हो गया कि वे नेताजी किधर गये। उनके नाम की पुकार भी लगायी, मगर वे चुप रहे। जब शौच के बाद आये तो अंगरक्षक को जान में जान आयी।

### तब प्रशासन ने बढ़ा दी थी उनकी सुरक्षा

वे देश स्तर पर चर्चा में तब आये जब अमेठी से राजीव गांधी के खिलाफ अपना नामांकन किये। तब प्रशासन ने उन्हें खास सुरक्षा मुहैया कराई थी। सुरक्षा इसलिए भी बढ़ा दिया गया था, क्योंकि अगर उसकी हत्या हो जाती तो अमेठी का चुनाव टल जाता। लेकिन बुधन अपनी सुरक्षा से और सुरक्षाकर्मी बुधन राम से परेशान हो गए थे।

### पैदल ही करते थे अपना चुनाव प्रचार

बुधन राम अपना चुनाव प्रचार पैदल ही चलकर करते थे। अंगरक्षक हथियार लेकर उनके पीछे चलते-चलते थक जाते थे मगर वे नहीं थकते थे। बुधन राम ऐसे प्रत्याशी थे, जिन्होंने किसी चुनाव को नहीं छोड़ा। 1984 में पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ना प्रारंभ किया तब धनबाद से कांग्रेस प्रत्याशी शंकर दयाल शर्मा थे। इसके बाद वे हर चुनाव लड़ते चले गये।

### चुनाव लड़ना उनकी जिद बन चुकी थी

लोदना क्षेत्र के बरारी कोलियरी में माइनिंग सरदार रहे बुधन राम की 2015 में मौत हो गई लेकिन जब भी चुनाव आता है धनबाद के लोग उन्हें जरूर याद करते हैं। उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव के लिए भी नामांकन किया था लेकिन नामांकन की औपचारिकता पूरी नहीं कर पाए और उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया गया। वे दुनियां से चले गये लेकिन उनके परिजनों के अनुसार उन्हें जीवन में नहीं जीतने का मलाल रह गया। वे परिजनों के लाख मनाने पर भी अपने चुनाव लड़ने की जिद पर अड़े रहते थे।

## रानीबांध हनुमान मंदिर में लगा भंडारा

**आवाज प्रतिनिधि, 24 अप्रैल।**

**धनबाद।** चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा पर आयोजित हनुमान जयंती पर बुधवार को 24 घंटे का अखंड पाठ रानीबांध के हनुमान मंदिर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर काफी संख्या में हनुमानजी की पूजा-अर्चना की। पूर्णाहुति को भंडारा लगाया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किये। 23 अप्रैल को संध्या 4 बजे से पाठ प्रारंभ हुआ था। दो दिनों तक आस-पास का वातावरण राम- हनुमानमय बना रहा। इस मौके पर मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया था। कार्यक्रम में आसपास के श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर कीर्तन में भाग लिये। सभी टोली बनाकर राम- हनुमान का गुणगान किये। इस मौके पर हनुमान चालिसा का पाठ भी किया गया।

## धनबाद में आईपीएल फैन पार्क 27 और 28 अप्रैल को




**धनबाद।** स्टेडियम में मैच देखने के दौरान जो दर्शकों को मजा आता है। ठीक उसी तरह इस बार भी इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सीजन में चल रहे क्रिकेट मैच का मजा धनबाद के लोग ले पाएंगे। इसके लिए बीसीसीआई की ओर से इस बार भी फैन पार्क करने का आयोजन किया जा रहा है। आने वाले दर्शक बड़ी स्कीम पर मैच देखने का आनंद लेंगे। इस बाबत जे एस सी ए के बिनय कुमार सिंह ने बताया कि चुनाव को लेकर अभी गोल्फ ग्राउंड का आवंटन नहीं मिला है। जल्द ही फैन पार्क के स्थल की घोषणा कर दी जाएगी।

**2 दिन का होगा आयोजन :** आगामी 27 व 28 अप्रैल को दो दिन का फैन पार्क का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर डीसीए के पदाधिकारी उपायुक्त से मिले और अनुमति मांगी है। उम्मीद है कि आयोजन की अनुमति मिल जाएगी। इसके बाद गोल्फ ग्राउंड में तैयारी शुरू की जाएगी। इसमें बड़ी-बड़ी स्क्रीन के अलावा दर्शकों के बैठने व खाने-पीने की व्यवस्था होगी। फैन पार्क को लेकर प्रचार प्रसार भी की जा रही है।

# झरिया में फिर जला ट्रांसफॉर्मर, मची भगदड़, चपेट में आए दुकान

- काफी मशक्कत के बाद किया जा सका काबू
- 21 अप्रैल को लगी थी आग, बिजली विभाग ने नहीं लिया संज्ञान


आग बुझाते लोग, इनसेट में आग की लपटें

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**झरिया।** बुधवार की दोपहर झरिया चार नंबर मेन रोड में पुलिस चेक पोस्ट के पास ट्रांसफॉर्मर में चिंगारी निकलने लगी। पल भर में आग इतनी भयावाह हो गयी कि जिसे देख सड़क पर चल रहे राहगीरों में भगदड़ मच गई। हर कोई अपनी जान बचाने इधर-उधर भागने लगा दिखा। ट्रांसफॉर्मर में लगी आग धीरे धीरे बढ़ते हुए नीचे लगे दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया। दुकान में रखी प्लास्टिक की बोतल समेत अन्य सामग्री जब जलने लगी तो स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग को सूचना देकर लाइन कटवाया और बालू व पानी इकट्ठा कर छिड़काव करने लगे। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद धीरे-धीरे आग को काबू किया जा सका। सूचना पाकर बिजली विभाग के कर्मचारी दिनेश प्रसाद, कौशल उपाध्याय, महादेव कालिंदी और इमामुद्दीन पहुंचे। इसके बाद ट्रांसफॉर्मर की मररमत करने में जुट गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह कोई नई बात नहीं है कुछ दिनों पहले भी इस तरह का हादसा हुआ है, लेकिन बिजली विभाग सिर्फ लीपापोती कर चला जाता है। एक स्थानीय व्यक्ति गुड्डू विश्वकर्मा ने बताया कि अगर ट्रांसफॉर्मर जल जाए तो महीनों दौड़ लगानी पड़ती है। बड़े हादसे पर भी संज्ञान नहीं लिया जाता है। गर्मी बढ़ने के साथ ही झरिया शहर में ट्रांसफॉर्मरों में आग लगने का सिलसिला शुरू हो गया है। बीते 21 अप्रैल की शाम भी झरिया चार नंबर मेन रोड पुलिस चेक पोस्ट के समीप ट्रांसफॉर्मर में अचानक आग लग गई थी पर बिजली विभाग के कर्मियों ने उसपर संज्ञान नहीं लिया जिसका नतीजा रहा कि फिर उसी ट्रांसफॉमर में आग लग गयी।

### हादसे को दावत दे रहे झरिया में बिजली तार के मकड़जाल

*झरिया बाजार में बिजली विभाग मौत को दावत दे रहा है। यहां के बाजारों में बिजली तार का मकड़जाल है। सड़क किनारे बिजली के कई पोल हैं, जिससे 11 हजार वोल्ट की तार गुजरी है, इन तारों से 5-6 फुट की दूरी पर इमारतें हैं जिनसे तार सटे हुए हैं। यहां ट्रांसफार्मर के ठीक नीचे कई दुकानें हैं। ट्रांसफार्मर में कभी किसी तकनीकी गड़बड़ी से आग लग जाए या विस्फोट हो तो बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता है। बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मियों की लापरवाही से कई घरों के पास व उसके ऊपर से बिजली के तारों को निकाला गया है। बिजली पोल पर तारों का मकड़जाल बना हुआ है। शहर के मेन रोड़, बाटा मोड़, लक्ष्मीणिया मोड़, धर्मशाला रोड, चार नंबर, ऊपर कुल्ही, नीचे कुल्ही शमशेर नगर आदि स्थानों पर बिजली के तारों की हालत खस्ता है। कभी बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों की शिकायतों के बाद भी विभाग के अधिकारी व कर्मी गंभीर नहीं हैं। शहर के विभिन्न मोहल्ले से गुजरे एचटी तार के नीचे सेफ गार्ड भी नहीं है। बिजली विभाग की लापरवाही का खमियाजा वर्ष 2021 के 8 नवंबर को पांच लोगों को भुगतना पड़ा था। बिजली तार की चपेट में आने से झरिया स्थित बिहार बिल्डिंग के समीप पांच लोग बुरी तरह झुलस गए थे।*

## संक्षिप्त खबरें

### सेंद्रा मोड़ के समीप सड़क पर बहते पानी में फिसल कर गिरे तीन बाइक सवार

**लोयाबाद।** सेंद्रा मोड़ के समीप सड़क पर बह रहा पानी जानलेवा साबित हो रहा है। बुधवार को तीन बाइक सवार फिसल कर सड़क पर गिर पड़े। किस्मत अच्छी थी कि पीछे कोई वाहन नहीं था। घटना के बाद सेंद्रा के ग्रामीणों ने इस संबंध में जहां थाना पहुंच कर पुलिस से शिकायत की वहीं कोलियरी प्रबंधन से भी सड़क पर बह रहे पानी को बंद कराने की मांग की। ग्रामीणों के मुताबिक यह घटना किसी एक दिन की नहीं है, आए दिन घट रही है। सेंद्रा दो नंबर पिट के पास बोरहोल से एक व्यक्ति द्वारा अपने आवास में पानी का पाइप ले गया है। पाइप से तीन जगहों पर लिकेज है। पानी चालू होने पर सड़क पर ही पानी बहता रहता है। लोगों ने उससे कई बार पाइप को ठीक कराने को कहा लेकिन वह किसी की बात सुनने को तैयार नहीं है। सेंद्रा निवासी नील विश्वकर्मा, गया साव, दिलीप बाउरी, डा संतोष कुमार सन्नी कुमार, अनुपम पाल ने बताया कि मोड़ यूंही घुमावदार खतरनाक मोड है।बहां पानी बहते रहने के कारण सड़क पर फिसलन हो गया है जिससे दुर्घटनाएं हो रही हैं। अभियंता कुमार गौरव ने बताया कि उससे किसी ने इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी है । यदि उसे बताया गया होता तो उसे ठीक करा दिया गया होता। गुरुवार को पाइप की मरम्मत करा दी जाएगी।

### लोयाबाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट

**लोयाबाद।** लोयाबाद थाना क्षेत्र के यूको बैंक के समीप बुधवार की शाम दो पक्षो में जमकर मारपीट हुई। मारपीट मे एक पक्ष द्वारा आनंद नामक युवक की पिटाई कर दी गई। घटना की सूचना मिलते ही लोयाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत कराया। बताया जाता है कि लोयाबाद के पंजाबी मोड़ मे शाम करीब साढ़े छह बजे एक स्कार्पियों एक बाइक से टक्कर हो गई। जिसमे बाइक सवार युवक गिर गया, उसके बाद उसने इसकी सूचना अपने एक मित्र को दी।दोनो स्कॉर्पियो का पीछा करते हुए यूको बैंक के समीप रोकवाया। इसके बाद दोनो पक्षो के बीच कहा-सुनी होने लगी।इतने मे स्कॉपियो के साथ चल रहे इनोवा वाहन से एक आनंद नामक युवक उतरकर आया और फिर इन युवको के साथ इसकी बकझक शुरू हो गई। इसके बाद मोटरसाइकिल सवार पंकज नामक युवक ने उसकी पिटाई कर दी।

### वीरसिंहपुर पंचायत में भाजपा ने चलाया बूथ सशक्तिकरण अभियान



**बलियापुर।** वीरसिंहपुर पंचायत के सुवोरिया व वीरसिंहपुर गांव में बुधवार को भाजपा ने बूथ सशक्तकरण अभियान चलाया। सिंदरी विधानसभा सह संयोजक मोहन कुंभकार ने कहा कि इस बार भाजपा लोकसभा चुनाव में 400 पार कर फिर से देश में भाजपा की सरकार बनेगी। फिर से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे। कहा कि भाजपा धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुलू महतो रिकॉर्ड मत से जीतकर दिल्ली में धनबाद के समस्याओं को उठाने का काम करेंगे। कहा कि ढुलू महतो के नेतृत्व में धनबाद लोकसभा क्षेत्र में बेहतर विकास होगा। मौके पर मंडल अध्यक्ष आशीष मुखजी, विजय रवानी, गौरांग मंडल, लखन गोराई, धनंजय गोराई, सुकेश गोराई, दिनेश सरखेल, मंटू रजक, सिकंदर रजक, प्रकाश रजक, सपन रजक, प्रेम टुडू आदि मौजूद थे।

### एसएसएनएमएम इंटर कॉलेज सिजुआ में मूल्यांकन कार्य खत्म




**लोयाबाद।** शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक इंटर कॉलेज सिजुआ में मंगलवार को मूल्यांकन कार्य समाप्त हो गया, इसके साथ ही 12वीं की कक्षाएं प्रारंभ हो गई। नए सत्र 24-26 में तीनों संकायों में नामांकन कार्य पहले आओ पहले पाओ के तर्ज पर प्रारंभ हो चुका है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष भी डिग्री एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में इंटर मे नामांकन नहीं होगा। गौरतलब है कि पिछले 9 मार्च से महाविद्यालय में मूल्यांकन कार्य चल रहा था। झारखंड अधिविध परिषद द्वारा महाविद्यालय में इंटरमीडिएट कला संकाय की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन केंद्र बनाया गया था जो की बुधवार 23 अप्रैल को पूर्ण हो गया। महाविद्यालय में आए परीक्षकों ने बताया कि यह केंद्र धनबाद जिले के सभी केंद्रों में सर्वश्रेष्ठ साबित हुआ है एवं झाखंड अधिविद परिषद रांची से यह निवेदन जरूर किया जाना चाहिए की पुनः इस महाविद्यालय को मूल्यांकन केंद्र बनाया जाए। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अरुण कुमार महतो ने कहा कि हमने शिक्षकों को उचित व्यवस्था के साथ अनुकूल वातावरण देने की हर संभव कोशिश की और मूल्यांकन कार्य सफलता पूर्वक संपन्न हुआ ।

# पोक्सो एक्ट के फरार अभियुक्त के खिलाफ चिपकाया गया इश्तेहार


इश्तेहार चिपकाती टीम

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**लोयाबाद।** पोक्सो एक्ट के फरार अभियुक्त मुकेश कुमार के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर लोयाबाद पुलिस ने बुधवार को इश्तेहार चिपकाया है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ तीन जगहों पर इश्तेहार चिपकाया है। लोयाबाद नौ नंबर में उसके आवास पर, लोयाबाद बीस नंबर एक दुकान पर और लोयाबाद मोड़ के एक चाय दुकान पर इश्तेहार चिपकाया गया है। इश्तेहार चिपकाने के दौरान अवर निरिक्षक सूर्य प्रकाश दुबे, सअनी हीरालाल दास मौजूद थे। बताया जाता है कि मुकेश कुमार के खिलाफ दिसंबर 2023 में लोयाबाद बीस नंबर की एक महिला की शिकायत पर ज्यादती का प्रयास व पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ था। मामले में आरोपी फरार चल रहा है।

### आत्महत्या के मामले में पुलिस ने दर्ज किया यूडी केस

***गोविंदपुर ।** गोविंदपुर टुंडी रोड निवासी डब्लू सिंह की पत्नी मीनाक्षी देवी के आत्महत्या मामले में गोविंदपुर पुलिस ने यूडी कांड अंकित किया है। भागलपुर से आए मृतका के भाई के आवेदन पर पुलिस ने कांड अंकित किया है । उन्होंने मृतका के पति या अन्य किसी के खिलाफ कोई शिकायत नहीं की है। इधर पोस्टमॉर्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया । शाम में अंतिम क्रिया कर दी गई।*

# क्रिसेंट इंटरनेशनल स्कूल के जूनियर विंग में क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन


कार्यक्रम में शामिल बच्चे

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**गोविंदपुर।** बुधवार को क्रिसेंट इंटरनेशनल स्कूल के जूनियर विंग के बच्चो ने इंटर हाउस क्वीज प्रतियोगिता में भाग लिया जिसका टॉपिक था 'ह्यूमन बॉडी' जिसमें जज की भूमिका पर मधुचंदा बनर्जी एवम प्रतिमा पंडित ने निर्णय लेते हुए सफल अभ्यर्थी की घोषणा की। एमजी हाउस तथा रविन्द्र नाथ टैगोर हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर रहे एपीजे हाउस एवं तृतीय स्थान पर रहे बिरसा मुंडा हाउस। कक्षा 5 के आलिया ,सुफियान , सूर्य प्रताप ने शानदार प्रदर्शन किया एवं रविन्द्र नाथ टैगोर हाउस के आयुष राज, कौसर वसीम एवं आंचल ने बेहतरीन प्रदर्शन कर अपना खिताब अपने नाम किया। कार्यक्रम में विद्यालय के कोऑर्डिनेटर विजेता दास, इनचार्ज- राकेश कुमार मंडल, सिफा आसिफ, भव्या सिंह, नवोनिता गांगुली, साइमा परवीन, दीया मुखर्जी, ,नेहा कुमारी, शिवा, प्रभाष कुमार आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

# हवन-पूजन के साथ जियलगोड़ा में मानस महाधिवेशन का शुभारंभ


अनुष्ठान में शमिल लोग

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**जोरापोखर।** डिगवाडीह स्थित जियलगोड़ा मानस मंदिर में 52 वां वार्षिक 9 दिवसीय मानस महाधिवेशन का शुभारंभ बुधवार को पूजा -अर्चना कर किया गया। हवन-पूजन के बाद परायणाचार्य पंडित अनिल पाठक, सतीश मिश्रा, बलदेव शरण, अशोक मिश्रा, मंजुल उपाध्याय की टीम द्वारा रामायण पाठ किया गया। मंदिर की विद्युता सज्जा से अलौकिक सजावट की गई है। संध्या में भगवान श्री राम की कथा पर धारा प्रवाह प्रवचन करते हुए अयोध्या से पधारे बाल व्यास अशोकानंद महाराज ने कहा कि श्री राम कथा ही अमर कथा है। गाजीपुर उत्तर प्रदेश से पधारे अखिलेश उपाध्याय ने राम कथा को जीवन जीने की शैली बताया है। 25 अप्रैल को प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव,26 अप्रैल को सीताराम विवाहोत्सव,30 अप्रैल सुंदरकांड पाठ,2 मई को प्रभु श्री राम का राज्याभिषेक,3 मई को हवन के साथ पूर्णाहुति होगी। वही पुजारी में अशोक पाठक थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मानस सत्संग समिति के धर्मेंद्र राय, पिंटू अग्रवाल,जोगेंद्र सिंह, सिधेश्वर भारती, अनुभवक पंडित, धर्मवीर राय, बृजेश राय, सुनील वर्मा, शिव कुमार दुबे, उमेश सिंह, मोहन साव आदि थे।

# डीएवी बनियाहीर के प्रांगण में चला मतदाता जागरुकता अभियान


शपथ लेते शिक्षक और प्राचार्य

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**जोरापोखर।** बुधवार को डीएवी बनियाहीर में मतदाताओं को अधिकारों के प्रति सचेत और जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत प्राचार्य एस. मोदक ने मतदान को सर्वोत्तम नागरिक अधिकार के रूप प्रयोग करने के प्रति आग्रह किया। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि हम अपने मतदाता अधिकारों का प्रयोग कर के ही देश के भविष्य को सही दिशा दे सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रांगण में उपस्थित समस्त जनों ने अपने मतदाता अधिकार का सम्यक रूप से प्रयोग करने की शपथ ली। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों और अभिभावकों ने भाग लिया।

# अनुपमा सिंह को विजयी बनाने के लिए सघन प्रचार चलाने का निर्णय



**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**सिंदरी।** बुधवार को इंडिया गठबंधन की बैठक झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय रोहड़ाबांध में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नगर उपाध्यक्ष श्री रामु मंडल की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में इंडिया गठबंधन सिंदरी का संचालन समिति का गठन किया गया। बैठक में वक्ताओं ने इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को धनबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से भारी मतों से विजयी बनाने के लिए सघन चुनाव प्रचार चलाने पर अपना अपना वक्तव्य रखा। बैठक में कांग्रेस के सिंदरी नगर अध्यक्ष अजय सिंह, झारखंड मुक्ति मोर्चा के नगर अध्यक्ष अशोक महतो, सीपीआई (एमएल) के सिंदरी नगर सचिव कृष्णा महतो, राष्ट्रीय जनता दल सिंदरी नगर अध्यक्ष मुनेश्वर यादव ,सीपीआई(एम) सिंदरी शाखा सचिव गौतम प्रसाद कांग्रेस के जिला सचिव मनोज घोष, झारखंड मुक्ति मोर्चा सिंदरी नगर कमेटी सचिव फागु प्रमाणिक, महानगर उपाध्यक्ष परशुराम सिंह, नगर उपाध्यक्ष दिवास बेहरा, विमल रवानी, सागर मंडल, मजीद खान, सुबल चंद्र दास, राम लायक राम, राजू यादव, राहुल यादव उपस्थित थे।

# मलेरिया को लेकर सविमं सिंदरी में मेगा सेमिनार

- दी गयी बचाव की जानकारी


पुरस्कृत बच्चों के साथ शिक्षक और अतिथि

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**सिंदरी।** विश्व मलेरिया दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झरिया सह जोरोपोखर के एनवीबीडीसीपी की टीम द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर (सविमं) सिंदरी में मेगा सेमिनार का आयोजन किया गया। इस मेगा सेमिनार में विद्यालय के वर्ग अष्टम से लेकर बारहवीं के छात्रों ने हिस्सा लिया। टीम के डॉक्टर वरूण कुमार के द्वारा छात्रों को मलेरिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। डॉक्टर दिलीप कुमार ने मलेरिया बचाव की जानकारी दी और लक्ष्णों को बताया। अंत में इसका इलाज कहां और कैसे होगा आदि के बारे में बताया। साथ ही डॉक्टर दिलीप कुमार के द्वारा आंखो की बनवाट, उसका कार्य और आंखो से संबंधित बीमारियों के बारे में जानकारी दी गयी। कार्यकर्म के अंत में प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में सही जबाव देने वाले छह बच्चे आयुषी कुमारी, राजवीर सिंह, राधिका कुमारी, अभिज्ञान कुमार, अभिषेक कुमार मुखर्जी, निधि पांडेय को पुरुस्कार के लिए चुनकर विद्यालय के प्रधानाचार्य के हाथो पुरुस्कृत करवाया गया । टीम में डॉक्टर दिलीप के अलावा डॉक्टर बरूण, सत्यवान और बबलू मौजूद थे। विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार पाठक ने कहा विश्व मलेरिया दिवस हर वर्ष 25 अप्रैल को मनाया जाता है। यह दिन इस बात के लिए भी पहचाना जाता है कि मलेरिया के नियंत्रण हेतु किस प्रकार के वैश्विक प्रयास किए जा रहे हैं। मच्छरों के कारण फैलने वाली इस बीमारी में हर साल कई लाख लोग जान गंवा देते हैं। मौके पर भगवान सिंह, नरेश, अभय शंकर पांडेय, संतोष कुमार पाठक ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### गोविंदपुर प्रखंड साक्षरता वाहिनी के पूर्व सचिव का निधन

**बरवाअड्डा ।** गोविंदपुर प्रखंड साक्षरता वाहिनी के पूर्व सचिव आसनबनी वन पंचायत के मिसिरडीह गांव निवासी 50 वर्षीय प्रकाश मिश्रा का असामयिक निधन मंगलवार रात इलाज के दौरान कोलकाता में हो गई । बुधवार सुबह शव गांव पहूंचते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर आस-पास गांव के बड़ी संख्या में लोगों ने अंतिम क्रिया में भाग लिया। प्रकाश मिश्रा करीब 10 वर्षों तक साक्षरता वाहिनी के प्रखंड सचिव रहे। वह पूर्व विधायक राजकिशोर महतो के प्रतिनिधि भी रह चुके थे एवं भाजपा से जुड़े हुए थे। एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में पूरे क्षेत्र में उनकी अपनी पहचान थी । वह अवकाश प्राप्त शिक्षक बुद्धेश्वर मिश्रा के दो पुत्रों में छोटे थे । परिवार में पत्नी एवं चार पुत्रियां हैं। एक पुत्री का विवाह हो चुका है । उनके निधन पर सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की धर्मपत्नी तारा देवी, भाजपा कार्यसमिति सदस्य धर्मजीत सिंह, मासस नेता बबलू महतो, प्रेम महतो, सुजीत चौधरी, हुब लाल महतो, मासस नेता गणेश चौरसिया आजसू नेता हालधर महतो, निलकंठ रवानी समेत दजर्नों लोग उनके घर पहूंच कर परिजनों को ढांढस बंधाया और शोक व्यक्त किया। वहीं सूचना पर पूर्व विधायक फूलचंद मंडल, प्रखंड प्रमुख निमर्ला सिंह, आप नेता डीएन सिंह, साक्षरता वाहिनी के पूर्व जिला सचिव डॉ काशीनाथ चटजी, शैलेंद्र सिंह, कांग्रेस नेता विजय कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, भाजपा नेता ज्ञानरंजन सिन्हा, बलदेव महतो, नंदलाल अग्रवाल, बलराम साव, पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनिल सिन्हा, जेई अशोक पूर्वे, झामुमो नेता धरनीधर मंडल व एजाज अहमद जयप्रकाश मिश्रा, अमर तिवारी, आदि ने संवेदना जताई है।

**चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना**

**ई-टेंडर नोटिस**

**ई-टेंडर नोटिस सं. ईओ_ईसी_21_पीटी–II दि. 19.04.2024।** उप महाप्रबंधक/चिरेका/चित्तरंजन भारत के राष्ट्रपति की ओर से चिरेका/चित्तरंजन में निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए एक खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नामः** विद्युत शवदाह गृह के संचालन हेतु अनुबंध, दो (02) वर्षों के लिए, **संविदा (Contract) की अवधिः** 02 वर्ष, **EMD राशिः** ₹10,000/–(दस हजार रुपये मात्र), **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि** 13.05.2024 **और समयः** 11.00 बजे तक। **वेबसाइट का पताः** प्रासंगिक विवरण और ई–निविदा में ऑनलाइन भागीदारी के बारे में रेलवे की वेबसाइट पर उपलब्ध है– www.ireps.gov.in एवं www.clw.indianrailways.gov.in, संपर्क सं.– 9163340009।

PR7/391 उप महाप्रबंधक/चिरेका/चित्तरंजन

www.facebook.com/clwrailways पर हमें फॉलो करें

# सात माह से फरार चोरी का आरोपी धराया, भेजा गया जेल


पुलिस गिरफ्त में आरोपी

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर पुलिस ने 7 माह से फरार चल रहे मोटर चोरी के अभियुक्त जंगलपुर निवासी इमामुल अंसारी उर्फ शैलेश अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस इंस्पेक्टर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। टीम में एएसआई प्रमोद मिंज, रविंद्र कुमार चौधरी एवं अभय कुमार शामिल थे। टीम ने नेरो मोड़ के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया। वह अपने सहयोगी वसीम अंसारी उर्फ दाने, पिता सलीम अंसारी, साकिम देवली के साथ मिलकर देवली अंबोना मोड़ के पास स्थित जय हिंद भट्ठा परिसर से दो मोटर चोरी की थी। पूर्व में इसके सहयोगी वसीम उर्फ दाने को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है । उसने अपराध में सम्मिलित सहयोगियों का नाम बताया है, जिसकी जांच पड़ताल की जा रही ।इसके अलावा पुलिस ने लोकसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण कराने के लिए वारंटी गोलकनाथ महाराज, साकिम किस्टोपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव कराने के लिए वारंटियों के खिलाफ छापेमारी जारी है।

## नगरकियारी के नया प्रावि. धीवरटोला का चापाकल समेत हजारों की चोरी



*__बरवाअड्डा।__ गोविंदपुर अंचल अंतर्गत नगरकियारी पंचायत के नया प्राथमिक विद्यालय धीवरटोला का चापाकल चोरों ने काटकर चोरी कर ली। इसके अलावा चोरों ने विद्यालय के कमरे का ताला तोड़कर कमरे में रखे करीब 30 किलो चावल, बर्तन चार टप, चार कड़ाही आदि चोरी ली। इस संबंध में विद्यालय के प्रधान मृत्युंजय मंडल ने घटना की लिखित सूचना बरवाअडडा थाना प्रभारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी गोविंदपुर, मुखिया रेणु देवी एवं पंसस रीता मंडल को दी है। प्रधान ूचना पर मुखिया रेणु देवी एवं पंचायत समिति सदस्य रीता मंडल ने विद्यालय का मुआयना किया और इस घटना पर खेद प्रकट किया। उन्होंने कहा कि आसपास के असामाजिक तत्वों ने इस घटना को अंजाम दिया है। इस घटना के बाद विद्यालय के बच्चे पानी पीने के लिए तरस रहे हैं। एमडीएम संचालन में भारी परेशानी हो रही है । प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने कहा कि गांव वाले यदि सजग नहीं रहेंगे तो विद्यालय की संपत्ति की रक्षा कौन करेगा। आखिर गांव के ही बच्चे विद्यालय में शिक्षा प्राप्त करते हैं।*

## कोयला लदे साइकिल, बाइक और टोटो जब्त



*__पुटकी।__ अवैध रूप से कोयला ढोते बुधवार को पुटकी पुलिस ने थाना क्षेत्र से एक साइकिल, एक बाइक एवं एक टोटो को जब्त किया। पुलिस गाड़ी को देखते ही तीनो चालक वाहन छोड़ भाग निकले। पुटकी थाना प्रभारी देवानंद प्रसाद ( प्रभार ) ने बताया कि करीब 4 क्विंटल कोयला समेत साइकिल एवं दोनों वाहनों को भी जब्त कर थाना लाया गया है। प्रसाद के अनुसार अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है।*

# पुण्यतिथि पर मुकेश महतो को अर्पित की गयी श्रद्धांजलि



**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**राजगंज।** राजगंज मैराकुल्ही स्थित विनोद बिहारी महतो जनजातीय कन्या उच्च विद्यालय में बुधवार को झारखंड राज्य के लिए आजसू के लड़ाकू दस्ते में सक्रिय सदस्य रहे लाठाटांड निवासी मुकेश कुमार महतो का द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें स्व मुकेश की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के उपरांत स्कूल के बच्चे बच्चियों बीच कलम कॉपी वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड आंदोलनकारी शंकर किशोर महतो, शिव शंकर शर्मा, जितेंद्र नाथ महतो, आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव प्रमोद चौरसिया, केंद्रीय सदस्य महेन्द्र प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष गिरधारी महतो, सेवानिवृत शिक्षक अयोध्या प्रसाद महतो, गीत गोविंद प्रसाद महतो, हूबलाल महतो, तारा पद नापित, रंजीत कुमार महतो, महिला नेत्री कौशल्या देवी, संदीप कुमार महतो, गंगाधर महतो, पवन कुमार, प्रीतम मंडल उपस्थित थे।

# कतरास सालासर मंदिर में बनारस घाट की तर्ज पर की गयी महाआरती


आरती करते पुरोहित

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**कतरास।** कतरास नदी किनारे सालासर बालाजी मंदिर में हनुमान जयंती पर बुधवार को बनारस दशमेश घाट के पुजारी द्वारा महाआरती की गयी। महाआरती में हजारों की संख्या में महिला, पुरूष एवं बच्चे श्रद्धालु शामिल हुए। महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। बनारस से आए महा आरती करने विद्वान पंडित अक्षय पांडेय, राकेश तिवारी, अंकित पाठक, देवाशीष पांडेय, घनश्याम पांडेय, संदीप पांडेय शामिल थे। मौके पर सालासर बालाजी मंदिर के पुजारी रासबिहारी शर्मा, राजू शर्मा, डॉ बीएन चौधरी, डॉ धीरज चौधरी, डीएन चौधरी अधिवक्ता, चैंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव मनोज गुप्ता, महेश भाई बजानिया, मनोज केसरी, दीपक अग्रवाल, अजय चौधरी, विमल तिवारी, कमल चौधरी, प्रभाष अग्रवाल, शैलेश गुप्ता, दिलीप चौधरी, प्रियंका चौधरी, अशोक चौधरी, विमला चौधरी, उषा चौधरी, शिल्पी अग्रवाल, सुशील चौधरी, शालिनी गुप्ता, अनिल केडिया, अशोक चौधरी,कृष्णा चौधरी, संजय गुप्ता, बजरंग अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, श्रवण खेतान, रवि भास्का, विकास चौधरी, राजकुमार चौधरी, रतन अग्रवाल, अंशु अग्रवाल, रूपा डंगाईच, संगीता केडिया, आलोक शर्मा आदि उपस्थित थे।

## रैली निकालकर मतदाताओं को चिरकुंडा में किया गया जागरूक



**चिरकुंडा।** लोकसभा चुनाव को लेकर चिरकुंडा नगर परिषद द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर बुधवार को वार्ड संख्या 18 में रैली व मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया । रैली के माध्यम से विभाग के सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने उपस्थित महिला-पुरूष व युवा मतदाता नए वोटरों को बतलाया कि नए वोटरों को जोड़ने के लिए फार्म 6 को भरनी है।अपना मतदान कैसे करे इसके लिए डेमो कर दिखलाया गया। वोट देना क्यों जरूरी है इसके लिए मतदाताओं को समझाया गया उन्होंने लोगों से निभीक व निष्पक्ष होकर मतदान करने की अपील करते हुए मतदान करने के लिए मतदाता शपथ दिलाया गया । मौके पर निवतर्मान पार्षद सुनिता देवी,सुपरवाइजर अमर दास,अनिल साव,चिनमय बनजी,ओंकारनाथ श्रीवास्तव,भुवन राखा,राजेश बाउरी आदि थे।

# सुरक्षा की मांग को लेकर ऑपरेटरों का आंदोलन वार्ता के बाद खत्म


वार्ता के बाद लौटते कर्मी

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**कतरास।** तेतुलमारी वेस्ट मोदीडीह परियोजना में सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध करने की मांग को लेकर दो दिन से चल रहे ऑपरेटरों का आंदोलन बुधवार की दोपहर परियोजना पदाधिकारी संजय चौधरी के साथ कोलियरी कार्यालय में वार्ता के बाद समाप्त हो गया। प्रबंधन ने दो दिन के अंदर सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने की बात कही तब जाकर काम चालू हो गया। इधर आपरेटरों ने प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि दो दिन के भीतर सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराया गया तो हमलोग परियोजना का काम बंद कर आंदोलन करेंगे। ज्ञात हो कि मंगलवार की सुबह सीआईएसएफ की टीम ने वेस्ट मोदीडीह पार्किंग स्थल के समीप डीजल चोरी करने के आरोप में हरिप्रसाद मांझी को डीजल के साथ पकडकर पुलिस को सौंप दिया था, पुलिस ने उसे जेल भेज दिया था। इधर आक्रोशित आपरेटरों ने दूसरी पाली में अपनी अपनी हाजिरी बनाकर कार्य का बहिष्कार कर दिया था। वार्ता में पीओ संजय चौधरी, प्रबंधक प्रेम कुमार शर्मा के अलावा यूनियन प्रतिनिधि कंचन महतो, ब्रह्मदेव साहू आदि शामिल थे।

# भाषण के चंगुल में फंसकर मतदान न करें : अरूप


कार्यक्रम के दौरान जगदीश रवानी, अरुप चटर्जी और अन्य

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा के डुमरकुंडा स्थित एक निजी विवाह भवन में बुधवार को मासस के कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। बैठक में पूर्व विधायक अरूप चटर्जी व धनबाद लोकसभा के मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी मौजूद थे। मौके पर पूर्व विधायक अरुप चटर्जी ने कहा कि मासस सभी समाज ,वर्ग, जाति व धर्म से जुड़कर कार्य करने वाली पार्टी है। एके राय के बाद सांसद के कार्यकलाप से धनबाद सबसे पीछे नजर आ रही है। कोल ,सेल, डीवीसी आदि सभी निजीकरण के तरफ जा रहे हैं। भाषण के चंगुल में फंस कर मतदान न करें लोगों के स्तर को उठाने के लिए कार्य करना चाहिए। बेरोजगारी की स्थिती चरम सीमा पार कर चुकी है। नये उद्योग धंधे लगाने की आवश्यकता है। लोकसभा प्रत्याशी जगदिश रवानी ने कहा कि पूरा देश जिस विचारधारा के चंगुल में फंसा है उससे निकलकर मार्क्सवादी विचारधारा ही देश में व्याप्त तीन समस्याओं बेरोजगारी, मंहगाई व शिक्षा से राहत देगी। उद्योग धंधे सभी धनबाद जिला में बंद एवं ठप पड़े हैं। नौकरी के अभाव पांच साल में हजार करोड़ का उद्योगपतियों का लोन माफ किया गया है। मौके पर संतु चटर्जी, संतोष मिश्रा ,कल्याण राय, राजु अंसारी, मानिक लाल गोरायी, अभया राखा, अमरेश चक्रवर्ती, मोईज खान, नांटू गोस्वामी सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

# कांग्रेस की नजर जनता की कमाई पर : विनय सिंह



प्रेस वार्ता में विनय सिंह, अपर्णा सेनगुप्ता और अन्य

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**निरसा बाजार।** निरसा के पंडरा मोड़ स्थित भाजपा कार्यालय में बुधवार को विधायक अपर्णा सेनगुप्ता के नेतृत्व में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस द्वारा जारी घोषणा पत्र पर प्रदेश प्रवक्ता विनय सिंह ने जमकर प्रहार किया और कहा कि कांग्रेस मेनिफेस्टो द्वारा समाज को बांटने का काम कर रही है और एक विशेष समुदाय को लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रेस वार्ता के दौरान विनय सिंह ने कहा कि जहां आज की सरकार लोगों की कमाई बढ़ाकर देश को सशक्त करना चाहती है वहीं कांग्रेस सरकार लोगों की कमाई जब्त कर देश का विकास करना चाहती थी। इन कानूनों के तहत सरकार को यह ताकत भी थी कि वह इस बात पर निर्णय ले कि किसका पैसा कितने दिन रखा जाए और किसको कब पैसा वापस दिया जाए। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई पर है आपकी संपत्ति पर कांग्रेस अपना पंजा मारना चाहती है किसके पास कितना प्रॉपटी है ,किसके पास कितना धन है ,किसके पास कितना मकान है ,कांग्रेस सरकार इसकी जांच कराएगी यह जो संपत्ति है उनको सरकार अपने कब्जे में लेकर सभी को बांट देगी। कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में कहा कि देश में बहुसंख्यक वाद की कोई जगह नहीं है। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से घनश्याम ग्रोवर ,अंबिका खवास, प्रदेश प्रवक्ता विनय सिंह, चंद्रशेखर सिंह ,जयप्रकाश सिंह, प्रशांत बनर्जी, डब्लू बाऊरी, संजय महतो थे।

## पोल से गिरने पर मिस्त्री घायल

**कतरास।** गोविंदपुर कोलियरी के बंद पंखा घर के पास बिजली पोल में काम कर रहे कल्लू नामक प्राइवेट मिस्त्री बुधवार को पोल से जमीन पर गिर गया जिससे उसके पैर में गंभीर चोटें आयी हैं। बताया जाता है कि कल्लू घासयुक्त मिट्टी में गिरा, नहीं तो एक बड़ा हादसा हो सकता था। बताया जाता है कि कंपनी का लोहे का पोल काफी जर्जर हो गया था। उसी पोल पर कल्लू चढ़ कर काम कर रहा था, तभी पोल बीच से टूट गया। घटना के बाद मौजूद लोगों ने समीप के अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया।

## धनबाद में कांग्रेस प्रत्याशी की होगी जीत : सीता राणा

पुटकी। धनबाद लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी की धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष सीता राणा ने बुधवार को कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में पुटकी 13 नंबर एंव मुनीडीह क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाकर वोट मांगा। मौके पर सीता राणा ने कहा कि धनबाद लोकसभा में कांग्रेस प्रत्याशी की प्रचंड जीत होगी। मोदी के झूठे गारंटी पर जनता को अब भरोसा नहीं रहा है। धनबाद की जनता कांग्रेस के साथ है और कांग्रेस के विचारधारा और राहुल गांधी पर भरोसा जता रही है। मौके पर जिला सचिव हेमंती जयसवाल, जानकी देवी, नूतन विश्वकर्मा, मुनिया देवी, सावित्री देवी, राजो देवी, निशा देवी, रजनी देवी, सरिता देवी, गंगा देवी, अंगिता देवी, निषा देवी, रिंकू देवी, चेकनी देवी, गुड़िया देवी, रमणी देवी व अन्य शामिल थीं।

# सात दिनों में संपूर्ण भागवत सुनने से मिलते हैं वांछित फल : देवकीनंदन



कथा सुनतीं महिलाएं, प्रवचन करते देवकीनंदन ठाकुर

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**निरसा।** निरसा के तिलतोडिया गांव के यज्ञ मैदान में बुधवार को श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन विश्व शांति के लिए प्रार्थना की गयी। इसके बाद देवकीनन्दन ठाकुर जी महाराज ने कथा पंडाल में बैठे सभी भक्तों को भजन श्रवण कराया। देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज ने कथा का वृतांत सुनाते हुए कल का कथा क्रम याद कराया की राजा परिक्षित को श्राप लगा कि सातवें दिन तुम्हारी मृत्यु सर्प के डसने से हो जाएगी। राजा परीक्षित ने यह जान कर उसी क्षण अपना महल छोड़ दिया। राजा परीक्षित ने अपना सर्वस्व त्याग कर अपनी मुक्ति का मार्ग खोजने निकल पड़े। गंगा के तट पर पहुंचकर जितने भी संत महात्मा थे सब से पूछा की जिसकी मृत्यु सातवें दिन है, उस जीव को क्या करना चाहिए। किसी ने कहा गंगा के तट पर आ गए हो इससे अच्छा क्या होगा। हर कोई अलग अलग उपाय बता रहा है। तभी वहां भगवान शुकदेव जी महाराज पधारे, जब राजा परीक्षित भगवान शुकदेव जी महाराज के सामने पहुंचे तो उनको राजा ने शाष्टांग प्रणाम किया और अपनी समस्या बताई। शुकदेव जी ने मुस्कुराते हुए परीक्षित से कहा की हे राजन ये प्रश्न केवल आपके कल्याण का ही नहीं अपितु संसार के कल्याण का प्रश्न है। तो राजन जिस व्यक्ति की मृत्यु सातवें दिन हैए उसको श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए तो उसका कल्याण निश्चित है। श्रीमद भागवत में 18000 श्लोक, 12 स्कन्द और 335 अध्याय हैं, जो जीव सात दिन में सम्पूर्ण भागवत का श्रवण करेगा वो अवश्य ही मनोवांछित फल की प्राप्ति करता है। राजा परीक्षित ने शुकदेव जी से प्रार्थना की हे गुरुवर आप ही मुझे श्रीमद भागवत का ज्ञान प्रदान करे और मेरे कल्याण का मार्ग प्रशस्त करें। भगवान मानव को जन्म देने से पहले कहते हैं ऐसा कर्म करना जिससे दोबारा जन्म ना लेना पड़े। मानव मुट्ठी बंद करके यह संकल्प दोहराते हुए इस पृथ्वी पर जन्म लेता है। प्रभु भागवत कथा के माध्यम से मानव का यह संकल्प याद दिलाते रहते हैं। भागवत सुनने वालों का भगवान हमेशा कल्याण करते हैं। भागवत में कहा गया है जो भगवान को प्रिय हो वही करो, हमेशा भगवान से मिलने का उद्देश्य बना लो, जो प्रभु का मार्ग हो उसे अपना लो, इस संसार में जन्म-मृत्यु से मुक्ति भगवान की कथा ही दिला सकती है।

# एसपी ने किया नक्सल प्रभावित इलाकों में बूथों का निरीक्षण

- तैयारियों का लिया जायजा, दिए कई निर्देश




**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल गिरिडीह।** गिरिडीह जिला में शांतिपूर्ण माहौल में लोकसभा चुनाव संपन्न कराने को लेकर बुधवार को पुलिस अधीक्षक गिरिडीह, दीपक कुमार शर्मा के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डुमरी एवं पीरटांड़ थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी के साथ पीरटांड प्रखंड इलाके के संवेदनशील बूथों और क्लस्टर अंगैया, बिसनपुर, खेतड़ाबार, पीरटांड और मांसोटांड उत्क्रमित मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान क्लस्टर बूथों पर सुरक्षा के मद्देनजर सभी तैयारियां तथा जरूरी सुविधाएं जैसे पेयजल, बिजली, साफ-सफाई समेत अन्य तमाम व्यवस्थाओं का जायजा वा जानकारी लेकर इसे ठीक करने हेतू थाना प्रभारी को संबंधित पदाधिकारी से समन्वय बनाते हुए ठीक करने हेतु निर्देश दिया गया। तथा इसी दौरान पुलिस अधीक्षक ने वहां के स्कूल के बच्चों से मिलकर बच्चो के बीच टॉफी बिस्कुट बांटे और बच्चों से पढ़ाई के सम्बंध में बातचीत की तथा स्थानीय लोगों को निर्भीक होकर मतदान करनें की अपील की।

# नारी सम्मान दिवस के रुप में मनाया गया वीर कुंवर सिंह का विजयोत्सव समारोह



**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल गिरिडीह।** वीर कुंवर सिंह के विजयोत्सव समारोह मंगलवार की देर शाम स्टेशन रोड स्थित वीर कुंवर सिंह चैक पर मनाया गया। इस दौरान इस दिवस को नारी सम्मान दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। यह आयोजन जिला क्षत्रिय कल्याण समाज की ओर से किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह उपस्थित हुए। वहीं अन्य अतिथियों में विधायक मथुरा प्रसाद महतो, डॉक्टर एलजी सिंह, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रकाश सहाय, विनय सिंह, नित्यानंद प्रसाद, अजीत कुमार पप्पू, पूनम सहाय, पूनम बरनवाल ,रीना सिंह, प्रमिला मेहरा, उषा सिंह आदि मौजूद थे। सभी को समाज की ओर से सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रतिमा स्थल पर बने सीढ़ी का उद्घाटन किया गया। बाद में वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर इन्हे नमन किया। जिसके बाद नारी सम्मान का कार्यक्रम किया गया। बताया गया कि इस बार के रामनवमी में पहली बार अखाड़ा में शामिल होने वाली नारी शक्ति को नमन किया गया और नारी शक्ति को अंग वस्त्र और पट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। मौके पर समाज के जिला अध्यक्ष विष्णु कुमार सिंह, महामंत्री भोला सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह समेत जिला क्षत्रिय कल्याण समाज के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

# पीरटांड़ प्रखंड कार्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन

- बीडीओ समेत कई पदाधिकारी और कर्मियों ने किया रक्तदान
- 32 यूनिट रक्त का हुआ संग्रहण



**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल गिरिडीह।** पीरटांड़ प्रखंड प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में ब्लॉक परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। पीरटांड़ ब्लॉक परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 32 यूनिट ब्लड डोनेट किए गए । रक्तदान शिविर में बीडीओ मनोज कुमार मरांडी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शशिकांत कुमार, नाजिर अविनाश कुमार, दिनेश कुमार, आर्यन साव समेत कई अधिकारियों व कर्मचारियों व आमजनों ने भी स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस संबंध में बीडीओ मनोज कुमार मरांडी ने आमजनों से रक्तदान की अपील करते हुए कहा कि रक्तदान एक महान काम है और हमारी समृद्ध संस्कृति और सेवा और सहयोग की परंपरा का हिस्सा है। रक्तदान से न केवल राष्ट्रीय आवश्यकता पूरी होती है बल्कि यह समाज एवं मानवता के प्रति एक बड़ी सेवा भी है। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा दिए गए रक्त से कई जिंदगियों को बचाया जा सकता है। इस पुनीत कार्य में सभी को जुड़कर रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ शशिकांत कुमार ने कहा कि सभी लोगों को रक्तदान करना चाहिए,रक्तदान ही महा दान है। इस लिए आप सभी प्रखंड वासी रक्तदान जरूर करें।रक्तदान करने से सेहत भी स्वस्थ रहता है। वही मौके पर प्रमुख सविता टुडू, बीपीएम सरिता कुमारी सहित संबंधित पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

# महाविद्यालय में राजनीतिक विज्ञान विभाग ने संगोष्ठी का किया आयोजन



**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल गिरिडीह।** पारसनाथ महाविद्यालय इसरी बाजार में गुरुवार को राजनीतिक विज्ञान विभाग की ओर से भारतीय समाज में राजाराम मोहन राय का योगदान विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन कॉलेज प्राचार्य डॉ मनोज कुमार मिश्रा, प्रो गौतम सिंह, प्रो डॉ शशि भूषण, प्रो यशवंत सिन्हा आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस दौरान डॉ मनोज कुमार मिश्रा ने कहा कि भारतीय समाज में जो कुरीतियां थी उनके खिलाफ राजाराम मोहन राय ने आंदोलन कर समाज को नई दिशा प्रदान किया साथ ही उस समय सती प्रथा जैसे कुरीति व्याप्त थी जिनके विरूद्ध उन्होंने पूरी मुखरता से आवाज उठायी। वहीं प्रो गौतम कुमार सिंह ने कहा कि राजा राममोहन राय ऐसे समय में समाज को नई दिशा प्रदान किया जब समाज अंधविश्वास पर अधिक ही विश्वास करता था, राजा राममोहन राय ने समाज को जो नई राह दिखाई है वह समाज के लिए आज भी अनुकरणीय है जबकि डॉ प्रो शशि भूषण ने राजा राममोहन राय के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा की जिस समय देश में अंग्रेजों का शासन था उस समय भारतीय समाज को तोड़ने का अंधविश्वास एक सही तरीका था जिसे रोकने के लिए राजा राममोहन राय ने काफी योगदान दिया। कार्यक्रम को प्रो रजनी कुमारी, प्रो इजरायल, प्रो उमा पांडेय छात्राएं इंदु कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, राधिका कुमारी, पायल कुमारी, प्रीति कुमारी, सुमन कुमारी, पूनम कुमारी, राखी कुमारी, सिमरन कुमारी, राहुल कुमार, राहुल यादव, सूरज कुमार, अरविंद कुमारी आदि ने भी अपने अपने विचार रखे,संगोष्ठी का संचालन राजनीति विभाग के विभागा अध्यक्ष प्रो रीतलाल प्रसाद वर्मा व धन्यवाद ज्ञापन प्रो कुबेर प्रसाद ने किया।

# नगरी पंचायत में 6 माह से खराब पड़ा है जलमीनार

- भीषण गर्मी में लोगों को उठानी पड़ रही है भारी फजीहत



**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल गिरिडीह।** गरमी के दस्तक देने के साथ ही कई क्षेत्रों में पेय जल की समस्या उत्पन्न हो जाती है। ऐसे ही प्रखंड के नगरी पंचायत के बर्णवाल टोला में लगे जलमीनार पिछले छः महीनों से खराब पड़ा हुआ है। इस संबंध में ना ही पीएचडी विभाग कुछ कर रही है ना ही गांव के प्रतिनिधि। जलमीनार के पोषक क्षेत्र के लाभुकों को गरमी में पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तो दूसरी ओर चैक चैराहों में पेयजल की उपलब्धता नहीं रहने से यात्रियों एवं राहगीरों को भी पेयजल के लिए काफी फजीहतों का सामना करना पड़ता है। इधर प्रखंड के अतकी पंचायत के धावटांड चैक में चापाकल खराब होने से इस भीषण गर्मी में ग्रामीणों को पेयजल के लिए घोर परेशानी झेल रहे हैं,लोग दांडी के पानी पीने को विवश हैं। बताया जाता है कि ग्रामीणों को आधा किलोमीटर दुर से पानी लाकर अपनी प्यास बुझाने को मजबुर है।

# मजदूर की संदेहास्पद स्थिति में मौत



**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल जमुआ/गिरिडीह।** हीरोडीह थाना क्षेत्र के मल्हो में बीती मंगलवार की रात एक मजदूर की मौत हो गई। सुबह शव को देख लोगों ने पुलिस को खबर किया। पुलिस लाश को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया है। मृतक की पहचान गोला तुरी (50) पिता हरखू तुरी ग्राम पतारडीह के रूप में हुई है। वह शादी विवाह में अपनी पत्नी के साथ साफ-सफाई का कार्य करता था। मृतक बीती रात मल्हो में सीतो साव के के यहां शादी समारोह में काम करने गया था। सड़क पार करने के चक्कर मे तेज गति से आ रहे एक वाहन से टकरा गया जिससे उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि लोगों के द्वारा उसे जमुआ अस्पताल ईलाज के लिए लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक मजदूर अपने पीछे एक पत्नी और दो छोटे छोटे बच्चे छोड़ गया है।

# गिरिडीह लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में चुनाव लड़ेंगी डॉ उषा सिंह



**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल गिरिडीह।** सिविल असिस्टेंट और सर्जन पद से सेवानिवृत्त डॉ उषा सिंह विगत कई वर्षों से राजनीति और समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय है। गिरिडीह लोकसभा बेरमो विधानसभा क्षेत्र की रहने वाली डॉ उषा सिंह ने गिरिडीह लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। उक्त जानकारी उन्होंने बुधवार को एक स्थानीय होटल में प्रेसवार्ता के दौरान दी। उन्होंने कहा कि वे कई वर्षों से क्षेत्र में निशुल्क चिकित्सा शिविर, मेधावी गरीब छात्र-छात्राओं की शिक्षा व्यवस्था और गौ-सेवा करती आयी हैं। कहा कि राजनीति की यात्रा उन्होंने भाजपा से शुरू की और विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में सक्रिय रूप से कार्य कर चुकी हैं। लेकिन गिरिडीह लोस सीट गठबंधन में जाने के कारण उन्हें निराशा हुई। कहा कि क्षेत्र में पलायन, बेरोजगारी, बिजली और पानी की समस्या आज भी बदस्तूर फैली हुई है। दूर्दशा का बड़ा कारण राजनैतिक उदासीनता भी है। कहा कि लोस क्षेत्र में दो गठबंधन के ऐसे प्रत्याशी हैं, उन्हें जनता ने कई बार विधानसभा व लोकसभा भेजा लेकिन उन्होंने ऐसा कोई कार्य किया कि जनता उन्हें फिर से जीत दिलाने का काम करे। कहा कि गिरिडीह लोकसभा में सबसे बड़ी पीड़ा महिलाओं को झेलनी पड़ती है, जब उनके घर का एक नौजवान रोजगार के लिए पलायन करता है। इसलिए उन्होंने फैसला लिया है कि वे गिरिडीह लोकसभा से चुनाव लड़ेंगी।

# बेंगाबाद प्रखंड में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल बेंगाबाद।** प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में स्थानीय ग्रामीणों के साथ संथाली भाषा में जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया । स्थानीय ग्रामीणों को मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रणाली, वोटर हेल्प लाइन ऐप, 1950, सुविधा ऐप, सी-विजिल ऐप व निर्वाचन से संबंधित अन्य जानकारियां साझा की गई। लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदाता भागीदारी बढ़ाने, नैतिक मतदान एवं निर्वाचन संबंधी जागरूकता संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गिरिडीह जिले के बेंगाबाद प्रखंड में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जहां संथाली भाषा में स्थानीय ग्रामीणों को वोट के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही सभी को मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रणाली, वोटर हेल्प लाइन ऐप, 1950, सुविधा ऐप, सी विजिल ऐप व निर्वाचन से संबंधित अन्य जानकारियां साझा की गई। इसके अलावा बेंगाबाद प्रखंड कार्यालय में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक व प्रोत्साहित किया गया। जहां मतदाताओं के बीच मतदाता प्रतिज्ञा शपथ पाठ कराया गया। साथ ही सभी लोगों से लोकतंत्र के



महापर्व लोकसभा आम चुनाव में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की गई। इसके अलावा बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान की तिथि घोषित कर दी गई है, जिसके अनुसार कोडरमा लोकसभा व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव दिनांक 20.05.24 को चुनाव कराया जाना है। आप सभी को इस महापर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना है। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही 1950 वोटर हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सभी को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हो। यदि किसी का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है तो उसे बीएलओ के माध्यम से या वोटर हेल्प लाइन एप के माध्यम से फॉर्म 6 अवश्य भरने और प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे। साथ ही उन्हें अपने स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।

# नरेंद्र मोदी को षड्यंत्र कर सत्ता से हटाने का प्रयास नहीं होगा सफल : राज कुमार राज

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल गिरिडीह।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज ने कहा है कि झारखंड के 14 में से 14 सीट एनडीए के पक्ष में जाएगी। श्री राज ने सिंहभूम, खूंटी व पलामू के नामांकन में उमड़ी भीड़ का हवाला देते हुए कहा कि एनडीए के पक्ष में सुनामी चल रही है और 400 पार का जो नारा है वह साफलीभूत होगा श्री राज ने कहा कि नरेंद्र मोदी के खिलाफ षड्यंत्र करके सत्ता से हटाने का प्रयास सफल नहीं होगा। कहा कि आरक्षण को समाप्त करने का अधिकार किसी भी दल को नहीं है। कहा कि आरक्षण बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का दिया हुआ और संविधान में प्रदत अधिकार है इसको बदलने या इसको समाप्त करने की हैसियत किसी भी सरकार में नहीं है यह झूठा भ्रम फैलाया जा रहा है श्री राज ने कहा कि किसी भी दलित समुदाय की व्यक्ति को या अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्ति को डरने की जरूरत नहीं है पहरेदार के रूप में राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी मजबूती से खड़ा रहेगी श्री राज ने कहा की धर्मनिरपेक्ष होना अच्छी बात है। परंतु धर्म के नाम पर किसी खास धर्म को मानने वाले समुदाय को विपक्षी नेता दीघभ्रमित ना करें।

# 9 लाख की रंगदारी मांगने का आरोपी समेत दो गया जेल

आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल

**बोकारो।** बोकारो पुलिस ने दो अलग-अलग मामले में दो अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है तथा चोरी का एक सूमो बरामद किया है। उक्त जानकारी सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने दी। उन्होंने कहा कि पुल निर्माण करने वाली कम्पनी से 13 अप्रैल 24 को 09 लाख की लेवी अर्थात रंगदारी टैक्स मांगी गयी थी। पुलिस के पास केवल वह मोबाइल नंबर था, जिससे कॉल आयी थी। बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर - 06 थाने में 13 अप्रैल को कांड संख्या - 09/24 के तहत मामला दर्ज होते ही एस पी, बोकारो पूज्य प्रकाश ने सिटी डीएसपी आलोक रंजन के नेतृत्व में एक टीम बना दी। इस टीम में शामिल सिटी थाना के प्रभारी सुदामा दास, सेक्टर - 12 थाना प्रभारी सुभाष चंद्र सिंह, सेक्टर-06 थाना प्रभारी ढेना किस्कू आदि ने अथक परिश्रम के बाद पाया कि ये रंगदार बोकारो के ही थाना क्षेत्र चतरो चट्टी के टिस्कोपी के निवासी है। 23 अप्रैल को पुलिस ने इन्हें धर दबोचा। सबसे पहले राजेश करमाली पकड़ में आया और उसके बताने पर आजम शेख पकड़ा गया। इनके पास से एक 12 बोर का देशी कट्टा, एक नकली पिस्टल, एक जिन्दा गोली, वह मोबाइल जिससे 09 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गयी थी,आदि बरामद हुआ।



## सुमो चोर गया जेल सुमो बरामद

21 अप्रैल 24 को दुंदीबाद हटिया से पुरुलिया के अरसा थाना क्षेत्र के बोडम गांव के निवासी हजारी महतो की सुमो गोल्ड [ JH - 09BD-8246 ] चोरी हो गयीं 22 अप्रैल को यह मामला सिटी थाना में दर्ज हुआ और 23 अप्रैल को सेक्टर – 09 अर्थात हरला थाना क्षेत्र के ग्राम पचौरा से गाड़ी समेत चोर जावेद अंसारी पुलिस की गिरफ्त में था इस कामयाबी में सिटी थाना के प्रभारी सुदामा दास, सेक्टर – 12 थाना प्रभारी सुभाष चंद्र सिंह, सेक्टर – 09 थाना प्रभारी अनिल कश्यप की भूमिका सराहनीय रही।

# जनता के सेवक के रुप में करेंगे काम : ढुलू

आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल




**बोकारो।** बुधवार को एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी ढुलू महतो ने विधायक बिरेंची नारायण के साथ उत्तरी विस्थापित क्षेत्र में जनसंपर्क कर एनडीए के पक्ष में मतदान करने की अपील की। लगभग दो दर्जन से अधिक स्थानों पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किया तथा केंद्र सरकार की उपलब्धियां की चर्चा करते हुए तीसरी बार नरेंद्र भाई मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का अपील किया । इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जनता की सेवा के लिए 24 घंटा उपलब्ध रहेंगे तथा किसी तरह की शिकायत का मौका नहीं देंगे । उन्होंने विस्थापित समस्याओं का समाधान करने की भी बात कही इस अवसर पर बोकर विधायक विपक्ष के मुख्य सचेतक विरंची नारायण ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जो 70 वर्षों में नहीं हुआ था वह 10 वर्षों में हुआ है। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए नरेंद्र भाई मोदी को प्रधानमंत्री बनना जरूरी है। देश की जनता पीएम मोदी के साथ है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष जयदेव राय धनबाद लोकसभा के सहसंयोजक रोहित लाल सिंह प्रदेश कर समिति के सदस्य मुकुल ओझा माराफारी मंडल के अध्यक्ष बैद्यनाथ प्रसाद लाल बलि दी मंडल के अध्यक्ष पीयूष आचार्य समेत दर्जनों नेताओं ने संबोधित किया। वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया इसके साथ थी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ने बोकारो विधानसभा के प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क कर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अनुपमा सिंह को विजय बनाने की अपील की । प्रत्याशी अनुपमा सिंह अपने विधायक प्रतीक कुमार जय मंगल के दो दर्जन से अधिक गांव तथा नगर निगम क्षेत्र में दौरा कर वोट मांगा। उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन ने जो प्रत्याशी दिया है उसकी छवि ठीक नहीं है जिसके कारण धनबाद की जनता इंडिया गठबंधन के साथ है पीएम मोदी सिर्फ आरोप लगाते हैं। अपनी काम की बात क्यों नहीं करते हैं जनता निश्चित तौर पर हमें सेवा की अवसर देगी। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव जवाहर प्रखंड अध्यक्ष गौरव राय मनोज कुमार कौशल राय आदि उपस्थित थे।

## इलाज के क्रम में बच्चे की मौत परिजनों ने किया हंगामा


मृतक बच्चे का फाइल फोटो

**बोकारो ।** मंगलवार को आंधी में नारा गांव के तीन बच्चे घायल हो गए थे जिन्हें मंत्री बेबी देवी के आदेश पर मुस्कान अस्पताल में भर्ती कराया गया था । तीनों बच्चों को इलाज के बाद घर भेज दिया गया लेकिन रास्ते में एक बच्चे की मौत हो गई परिजनों ने मुस्कान अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। थाना के बल पर मामला शांत कराया गया। परिजनों को कहना है कि पैर फ्रैक्चर हो गया था, उसके बाद प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया गया। लेकिन एक इंजेक्शन दिया गया था। जिसके कारण बच्चों की मौत हो गई। जबकि डॉक्टर ने लापरवाही के बाद से साफ इनकार करते हुए कहा है कि अस्पताल में प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया। रास्ते में बच्चों की मौत हो गई ।

### एस यू सी आई ( कम्युनिस्ट) पार्टी ने मनाया स्थापना दिवस

**चंदनकियारी।** चंदनकियरी प्रखंड के बरमसिया स्थित पार्टी कार्यालय में बुधवार को एस यू सी आई कम्युनिस्ट पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम पार्टी कार्यालय के समक्ष झंडोतलन किया गया। पार्टी के बरमसिया लोकल कमेटी के सचिव हाबूलाल महतो ने झंडोतल्न किया । ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के झारखंड राज्य सचिव कुमुद महतो ने कहा कि किसी भी देश के आम जनता, मजदूर किसान, छात्र नौजवान, महिलाएं सभी मिलकर जीवन निर्वाह की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करते रहते हैं। लेकिन उन्हें पूर्ण सफलता तब तक मिलती है जब उनका संघर्ष क्रांतिकारी विचार, क्रांतिकारी नेतृत्व और क्रांतिकारी संगठन के साथ मिलकर आंदोलन में आगे बढ़ते हैं।

# उत्पाद विभाग ने अवैध देसी शराब निर्माण स्थल पर की छापेमारी

आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल

**बोकारो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर बुधवार को *सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण* में जिला उत्पाद टीम ने बोकारो सिटी थाना अंतर्गत मिश्राटोला, कुलिंग पोंड किनारे अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी की। मौके से *उत्पाद टीम ने 3,600 केजी जावा महुआ शराब एवं 165 लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया। वहीं,अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया। छापेमारी के क्रम में लक्ष्मण साव एवं अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज किया जा रहा है। छापेमारी दल में *निरीक्षक उत्पाद संजीत देव,अवर निरीक्षक सदर श्े कृष्णा प्रजापति,अवर निरीक्षक उत्पाद तेनुघाट सुश्री दीपिका कुमारी आदि शामिल थे।



## गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र चुनाव में बेरमो विस से 3,25,731 मतदाता करेंगे मतदान

**बेरमो।** आगामी 25 मई को गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में होने वाले मतदान में बेरमो विस क्षेत्र से कुल 3,25,731 मतदान करेंगे। जिसमें पुरूष मतदाता 1,66,999 और महिला मतदाता 1,58,732 होंगे। जबकि बेरमो प्रखंड में कुल 1,37,564 है। जिसमें पुरूष 70,488 और महिला मतदाता 67,076 है। यह मतदाता बेरमो प्रखंड के 19 पंचायत और फुसरो नगर परिषद के 28 वार्डों के शामिल है। बेरमो विस क्षेत्र में 355 बूथ सहित बेरमो प्रखंड में शांतिपूर्ण मतदान के लेकर कुल 142 बूथ बनाया गया है।

## बजरंग बली प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर निकला कलश यात्रा

**दुगदा।** श्री श्री1008 मारुतिनंदन प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ हरधोवा कुरुम्बा के बजरंग बली मंदिर में कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। बुधबार को हरधोवा स्थित बजरंबली मंदिर परिसर से बैदिक मंत्रोचारण के साथ यज्ञाचार्य मितेश्वर पांडेय और मधुसूदन पांडेय ने कुँवारी कन्याएं और महिलाओं के माथे पर कलश रखा। कलश यात्रा बजरंगबली मंदिर से निकलकर कुरुम्बा, चंदनाबाद, रटारी होते हुए बुढिडीह स्थित दामोदर नदी के तट पर पहुंचा। जलयात्रा में शामिल महिला पुरुषों के जय श्री राम, जय बजरंग बली के जयकारे लगा रहे थे। दामोदर नदी तट पर मुख्य यजमान सपत्नी डेगलाल यादव और अन्य यजमानों में पूजा अर्चना कर कलस में जल भरा। पुनः कन्याएं और महिलाओ ने कलस लेकर हरधोवा स्थित बजरंगबली मंदिर परिसर में पहुंच कर कलस स्थापित किया। जलयात्रा में बेरमो प्रमुख गिरजा देवी, चंद्रपुरा पूर्व प्रमुख अनिता गुप्ता, पूर्व मुखिया जगरनाथ महतो, मुखिया प्रतिनिधि मंटु महथा, यज्ञ समिति के सचिव सूरज यादव, मनोज यादव, समेत कई अन्य लोग शामिल थे।

# बेरमो सीओ ने लोकसभा चुनाव को लेकर की समीक्षा बैठक

आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल


बैठक में उपस्थित बेरमो सीओ व अन्य

**बेरमो।** बेरमो प्रखंड कार्यालय सभागार में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक बुधवार को सीओ संजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बूथ में प्रवेश व निकासी द्वार, बिजली, पानी, शौचालय, सेड आदि को लेकर समीक्षा किया गया। सीओ श्री सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर एक माह का वक्त बचा है। ऐसे में चुनाव से जुड़े सभी पदाधिकारी व कर्मचारी गंभीरता पूर्वक काम करें। जिन बूथों पर सुविधा में कमी है वहां जल्द से जल्द सुविधा मुहैया कराने का काम करें। कहा कि जिन बूथ पर स्थायी रूप से पानी की व्यवस्था नहीं है वहां सीसीएल के टैंकर के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जायेगा। कहा कि वैसे बूथ जहां बेंच-टेबल की व्यवस्था नहीं है वहां स्थानीय विद्यालय से बेंच-टेबल की व्यवस्था किया जायेगा। कहा कि चुनाव में जुटे कर्मचारी अपने-अपने कामों को जल्द से जल्द अंजाम दें। कहा कि बूथ में बांस व रस्सी के माध्यम से ब्रेकेटिंग के मतदाताओं का प्रवेश व निकासी द्वार बनाया जाना है। जल्द ही इलेक्शन कमिशन की टीम बेरमो प्रखंड का दौरा कर बूथों का निरीक्षण करेंगे। सीओ श्री सिंह ने कहा कि जिन बूथ पर मतदाताओं की उपस्थिति कम हुई है उन बूथ पर मतदाता जागरूकता व डोर टू डोर अभियान चलाकर मतदाताओं को जागरूक करें।

मौके पर सीडीपीओ गीता सोय, प्रभारी पंचायत राज पदाधिकारी मितलेश पांडेय, जेई अजित साह, वीएलडब्लू सुनील कुमार, उत्तम दास, अशोक गोप, उज्जवल दुबे, मधु कुमारी, मनोज कुमार, लक्ष्मण कटरीहार, समीर कुमार हांसदा आदि मौजूद थे।

## बोकारो थर्मल में जल्द चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

**बोकारो थर्मल।** डीविसी की जमीन व डीविसी के आवासों में अवैध कब्जा करने वालो के खिलाफ डीवीसी प्रबंधन जल्द अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाएगी। इसको लेकर डीवीसी अधिकारियो एवम यूनियन प्रतिनिधियों की संयुक्त कमिटी ने बुधवार को डीवीसी की आवासीय कॉलोनी के दोमंजिला आवास एसडी 1,2 एवम 3 सहित तीन मंजिला आवास एसडीटी 8 में जांच अभियान चलाया। बुधवार को लगभग 80 आवासों में जांच किया एवम डीवीसी आवासों में रहने वाले लोगो से पूछताछ किया। यहाँ जांच के क्रम में डीवीसी के कई स्थाई एवम ठेका कर्मचारीयों सहित पेंसनधारी डीविसी द्वारा आवंटित अपने आवासों को भाड़ा में लागाने की बात आवास में रहने वाले लोगो ने कही। इस संबंध में प्लांट के उप महा प्रबंधक बीसी होलकर ने कहा कि जांच चल रही है जांच रिपोर्ट आने के बाद निश्चित ही करवाई होगी । कहे की प्रत्येक सप्ताह बुधवार एवम शुक्रवार को डीविसी कोलोनियो में घूम घूम कर डीविसी आवासों में रहने वाले लोगों से पूछताछ किया जायेगा। साथ ही कहे की जांच एवम कार्यवाई में कोई भेदभाव नही बरती जाएगी जांच कमिटी में शामिल लोग भी अगर अवैध अतिक्रमण किए है तो उनके खिलाफ भी कार्यवाई किया जाएगा। इस अभियान में आवास कमिटी के सचिव सह सहायक प्रबंधक ए ए असरफ, अवीनास कुमार सिन्हा भू सम्पदा पदाधिकारी, बीके सिंह सचिव डीविसी श्रमिक यूनियन , रामलाल पासवान सचिव डीविसी हिन्द मजदूर किसान यूनियन, रवि शंकर कुमार सचिव डीविसी कामगार संघ एवम राजदेव सिंह सचिव डीविसी मजदूर संघ सहित होम गार्ड इंचार्ज धनेश्वर साव, चंदन ठाकुर आदि महिला पुरुष जवान शामिल थे।

# बोकारो औद्योगिक क्षेत्र के एक इकाई में लगी आग लाखों की संपत्ति खाक



**बोकारो ।** बोकारो औद्योगिक क्षेत्र के एक इकाई में शॉर्ट सर्किट से बुधवार को आग लग गई देखते-देखते आग काफी फैल गई। इसे बुझाने में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार उक्त औद्योगिक इकाई में पुराना टायर रखा हुआ था जिसमें आग पकड़ लिया तथा धीरे-धीरे आग फैल गई । तत्काल इस बात की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी गई । फायर ब्रिगेड ने आकर आग बुझाया लेकिन काफी मशक्कत करना पड़ा। आग में फैक्ट्री में रखे गए टायर पूरी तरह से खाक हो गई है।

## जीपीएस टेक्निकल कैंपस में हुआ सफल मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**बोकारो।** गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटीज टेक्निकल कैंपस में नगरपालिका, चास तथा जिला निर्वाचन कार्यालय (स्वीप कोषांग) के सौजन्य से चुनाव का पर्व - लोकसभा चुनाव 2024, मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के तहत कार्यक्रम आयोजित हुआ. सुश्री प्रियंका कुमारी, सहायक म्युनिसिपल कमिश्नर, श मेघनाथ चौधरी, सिटी मैनेजर, श्री ललित लाकड़ा, सिटी मैनेजर तथा प्रोग्राम इम्पलिमेंटेशन यूनिट से बंटी पाठक, आकीब हुसैन, शिव शंकर बतौर अतिथि कार्यक्रम में पधारे. कालेज निदेशक डॉ. प्रियदर्शी जरुहार ने सुश्री प्रियंका कुमारी का स्वागत पुष्प गुच्छ प्रदान कर, किया. मैडम ने छात्रों को मतदान देने के लिये प्रेरित किया. 10 छात्रों ने स्वीप प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पुरस्कार हासिल किये. एन.एस.एस. के स्वयंसेवी छात्रों ने स्वीप के 200 स्टीकरों का वितरण किया और उन्हें विभिन्न स्थानों पर चिपकाया. कार्यक्रम में 62 छात्रों तथा प्राध्यापक-गण व कर्मचारी-गण ने हिस्सा लिया.

# दो विधानसभा को जोड़ने वाला पुलिया हुआ जर्जर

### लोगों को आने-जाने में लगता है डर

**जैनामोड़।** जरीडीह प्रखंड के खुंटरी पंचायत के अंतर्गत भुटकूरु गांव में लगभग 40 वर्ष पूर्व बना पुलिया पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया हैं.जहां पुलिया की चहारदीवारी क्षतिग्रस्त हो चुकी है. कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है. हर दिन लोगों को इस पुलिया से पार करना डर बना रहता हैं.इतना ही नहीं रात में पुलिया में गिरने का डर रहता है व पुल के ऊपरी सतह पर बड़ा खतरनाक गढ्ढे बन गए हैं.क्षतिग्रस्त पुलिया कब किस हादसे की वजह बन जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता है.इस मार्ग से एक दर्जन गांवों का संपर्क जुड़ा है.इसलिए यहां रात- दिन आवागमन होता है.इस पुलिया से बड़े वाहनों का भी आना -जाना रहता है.पुलिया के चारदीवारी नहीं रहने से राहगीर सहमे रहते हैं, कि कहीं किसी दुर्घटना का वे शिकार न हो जाएं.अगर पुलिया टूट जाता हैं तो ग्रामीणों को करीब 3 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है.यह मुख्य पथ ठाकुरटांड़ से होते हुए औधोगिक क्षेत्र से बोकारो तक जाती है.



**चुनाव आते ही पुलिया निर्माण की उठ रही है मांग :** पुलिया के निचला सतह बिल्कुल खतरनाक हो गया है नदी बड़े गढ्ढे बन गए है, दोनों तरफ के चारदीवारी नहीं होने लोगों को पुलिया पर करने में भी डर लगता हैं.जल्द पुलिया को दुरुस्त नहीं कराई गई तो कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है.ग्रामीणों ने एक स्वर में विभाग के आला अधिकारियों व स्थानिय प्रतिनिधियों से पुलिया का नया सिरा से निर्माण कराने की मांग की है. पुलिया से कई गांव जुड़े हुए हैं इस पुल से बेरमो से बोकारो विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांव के लोग इस मार्ग से आते जाते हैं,यह सड़क खुंटरी रोड से बालीडीह बियाडा औद्योगिक क्षेत्र को जोड़ता है.इसके बाद भी विभाग इस दिशा में जरूरी कदम नहीं उठा रहा है.

समक्षः लेख्य प्रमाणक, धनबाद ।

**शपथ-पत्र**

मैं, फूलचंद मंडल, पिता-स्व० मलीन्द्र मंडल, धर्म- हिन्दू, आधार सं0- XXXX XXXX 5988 निवासी - सा०- कौला कुसमा, लिपिडीह, थाना- सरायढेला, जिला-धनबाद झारखण्ड । एतद् द्वारा शपथपूर्वक निम्न घोषणा करता हूँ:--

1. यह कि, मेरे आधार कार्ड में मेरे स्व० पिता का नाम मलीन्द्र मंडल अंकित है ।
2. यह कि, पॅंजी-II में मेरे स्व० पिता का नाम मनीन्द्र मंडल दर्ज है ।
3. यह कि, अधिकार अभिलेख एवं कन्टीन्युवस खतियान में मेरे स्व० पिता का नाम भुलु मंडल दर्ज है ।
4. यह कि, मलीन्द्र मंडल, मनीन्द्र मंडल एवं भुलु मंडल ये तीनों नाम एक ही व्यक्ति का नाम है जो मेरे स्व0 पिताजी हैं।
5. यह कि, उपरोक्त सारी बातें मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है।
6. यह कि, मैं यह शपथ-पत्र संबंधित समस्थ पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु बना रहा हूॅ।

S.NO. 22 Date : 24.04.2024

Before: The Notary Public,Dhanbad.

**AFFIDAVIT**

I,SAILEN TANTUBAI, son of late Kalipada Tantubai, by caste-Tanti, by category-B.C., D.O.B. 01.01.1956, having Aadhaar card no. XXXX XXXX 3199, by faith- Hindu, by occupation-cultivation and others resident of Nayadih, Kulkuri, P.S.Nirsha, P.0.Nirsha Chatti, District-Dhanbad, state Jharkhand-828205, do hereby solemnly affirm on oath and declare as under:-

1. That, in my Aadhaar card my name and my father's name is written as SAILEN TANTUBAI son of Kalipada Tantubai but in online Panji-II and New Khatiyan it is recorded as Sailen Pado Tanti son of Kali Tanti.
2.That, Sailen Tantubai. and Sailen Pado Tanti both are same and one person who is my self.
3.That, Kalipada Tantubai and Kali Tanti both are same and -one person who is my deceased father.
4.That, as per my family geneological chart:- Old Khatiyan- Pratap Tanti and others (son) Kalipada Tantubai @ Kali Tanti (son) Sailen Tantubai @ Sailen Pado Tanti.
5.That, I am swearing this affidavit for filing it before the authority concerned for doing the needful.

S.NO.07 Date : 24-04-2024

